केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*निर्भय वही हैं, जो सत्य की शरण में हैं, जो असत्य का सहारा लेते हैं वो हमेशा भय में रहते हैं*

वर्ष : 16 अंक : 263

उज्जैन, गुरुवार 05 मार्च 2026

पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

**न्यूज ब्रीफ**

## नहीं रहे दिग्गज पत्रकार और पूर्व राज्यसभा सदस्य एचके दुआ, 86 की उम्र में निधन



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** दिग्गज पत्रकार और पूर्व राज्यसभा सदस्य तथा दो प्रधानमंत्रियों के मीडिया सलाहकार रहे एचके दुआ का बुधवार को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। दुआ ने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। रिपोर्ट के अनुसार, तीन सप्ताह पहले स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके निधन की खबर मिलते ही नेताओं, पत्रकारों और प्रमुख हस्तियों की ओर से श्रद्धांजलि का सिलसिला शुरू हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को लोधी रोड श्मशान घाट में किया जाएगा।

एक जुलाई 1937 को जन्मे एचके दुआ दो प्रधानमंत्रियों ( अटल बिहारी वाजपेयी और एचडी देवेगौड़ा ) के मीडिया सलाहकार भी रहे। वे अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक समझ और संपादकीय स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने द हिंदुस्तान टाइम्स (1987-94) के संपादक, द इंडियन एक्सप्रेस (1994-96) और द ट्रिब्यून (2003-09) के प्रधान संपादक के रूप में कार्य किया। इसके अलावा, वे टाइम्स ऑफ इंडिया (1997-98) के संपादकीय सलाहकार भी रहे तथा विभिन्न समाचार पत्रों में कॉलम लिखे और टेलीविजन चैनलों पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त की। राष्ट्रपति द्वारा उन्हें राज्यसभा के नामित सदस्य के रूप में चुना गया (2009-2015), जहां उन्होंने विदेश मामलों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी बहसों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।पीटीआई के अनुसार, वे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य भी थे तथा विदेश मामलों की स्थायी समिति और गृह मंत्रालय की सलाहकार समिति समेत कई उच्च स्तरीय संसदीय समितियों का हिस्सा रहे। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। साथ ही, पंजाब विश्वविद्यालय और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने उन्हें डी.लिट. (मानद) की उपाधि प्रदान की। वे पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के दरबार के सदस्य भी थे।

## अमेरिका नहीं चाहता कि, भारत का नाम लेकर ईरान के अधिकारी ने खूब सुनाया



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग के बीच ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका पर बड़े आरोप लगाए हैं। भारत में ईरानी सुप्रीम लीडर के खास प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने अमेरिका पर निशाना साधा है। इलाही ने कहाकि अमेरिका अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के लिए जान-बूझकर दुनिया में युद्ध करवा रहा है। उन्होंने यह भी कहाकि ईरान के साथ युद्ध का मकसद भारत और चीन को ताकतवर बनने से रोकने के लिए किया जा रहा है। ईरानी प्रतिनिधि ने कहाकि अमेरिका का यही मकसद है, ताकि उसका वर्चस्व दुनिया में बना रहे। अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने आगे कहाकि नजदीकी समय में भारत, चीन, रूस और अमेरिका दुनिया के सबसे ताकतवर देशों में शुमार होंगे। लेकिन अमेरिका ताकत में किसी तरह की साझेदारी नहीं चाहता है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में इलाही ने कहाकि अमेरिका नहीं चाहता कि भारत या चीन ताकतवर बनकर उभरें। इसके लिए अमेरिका इस तरह के युद्ध छेड़ता रहता है ताकि दुनिया के ऊपर उसका वर्चस्व बना रहे। ईरानी अधिकारी ने आगे कहाकि ईरान ने युद्ध की शुरुआत नहीं की, बल्कि अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरू किया। इससे पहले ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने भी कहा था कि ईरान सिर्फ अमेरिका और इजरायल के हमलों से खुद को बचा रहा है। उन्होंने कहाकि वे ही हम पर हमला कर रहे हैं और हमारे नागरिकों पर बमबारी कर रहे हैं। हम केवल अपनी रक्षा कर रहे हैं।

# हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरता है होली का उत्सवः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में सभी को दीं मंगलकामनाएं**



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को उत्साह, उमंग और समरसता के पावन पर्व होली की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरे और समाज में सद्भाव-सकारात्मकता और एकता का रंग सदा चटक रहे यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होली पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे नागरिकों के साथ होली की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। वरिष्ठ और गणमान्य नागरिकों का अभिवादन किया तथा सभी आगंतुकों पर पुष्प वर्षा एवं गुलाल उड़ाकर मेजबान के रूप में सबका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को गुलाल लगाया और पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ उनके सुर में सुर भी मिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री निवास पधारे राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, वरिष्ठ सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, श्री मनु श्रीवास्तव, श्री शिवशेखर शुक्ला , प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव , सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह, खाटू श्याम मंदिर भोपाल के प्रमुख प्रचारक पूज्य अनिल आनंद महाराज सहित कई जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार गण और वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगल कामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में उड़ते रंग गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच, ब्रज-बरसाने के होली गीतों, पारंपरिक संगीत और मयूर नृत्य के साथ उल्लास और उमंग से सराबोर वातावरण में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, होली खेलें रघुवीरा, आज ब्रज में होली रे रसिया जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री निवास में होली पर्व पर आयोजित मिलन समारोह में सभी को गुजिया, बालूशाही, ठंडाई सहित कई परंपरागत व्यंजन परोसे गए।

## नीतीश चले दिल्ली, अब भाजपा का सीएम; राज्यसभा चुनाव नतीजों के बाद नई सरकार का गठन



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बिहार में सुशासन बाबू के नाम से मशहूर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दशक लंबी पारी खेलने के बाद एक बार फिर राज्यसभा सांसद के तौर पर केंद्र की राजनीति में लौट रहे हैं। होली की सुबह से ही नीतीश के राज्यसभा जाने की चर्चा थी, जिसे अब उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने मान लिया है। अब आगे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का मुख्यमंत्री होगा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की नई सरकार के गठन की कवायद राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद शुरू हो जाएगी। जेडीयू के बड़े नेता और नीतीश सरकार के सबसे कद्दावर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इन बातों की पुष्टि करते हुए हिन्दुस्तान से कहा है कि नीतीश अपनी मर्जी से राज्यसभा जा रहे हैं।

विजय कुमार चौधरी ने जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से मुलाकात के बाद शाम में मीडिया से कहा था कि नीतीश के राज्यसभा जाने को लेकर चर्चा चल रही है, लेकिन इसका फैसला नीतीश कुमार को लेना है। सूत्रों का कहना है कि नीतीश कल यानी 5 मार्च गुरुवार को सुबह 11.30 बजे राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। बिहार से राज्यसभा की खाली हो रही 5 सीटों के चुनाव के लिए नामांकन का कल ही आखिरी दिन है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, रालोमो अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, बीजेपी नेता शिवेश राम को भी पर्चा भरना है। राज्यसभा नामांकन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कल पटना आने की खबर है।

नीतीश कुमार की जेडीयू ने अपने कोटे के 2 राज्यसभा कैंडिडेट के नाम की घोषणा अब तक नहीं की है, लेकिन केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर को तीसरा टर्म मिलना तय लग रहा है। दूसरे कैंडिडेट के नाम को लेकर कभी मनीष वर्मा, कभी निशांत कुमार की चर्चा होती रही थी।

# मिडिल ईस्ट में जंग तेजः भारतीयों की मदद के लिए दिल्ली में बना कंट्रोल रूम, जेद्दा से अहमदाबाद आए 200 यात्री, कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मिडिल ईस्ट में तेजी से बिगड़ते हालात के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बढ़ते हमलों और उसके बाद क्षेत्र में बढ़े तनाव को देखते हुए भारत ने नई दिल्ली में एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि खाड़ी देशों में मौजूद भारतीय नागरिकों को तत्काल सहायता दी जा सके।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह कंट्रोल रूम सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक काम करेगा। भारतीय नागरिक किसी भी आपात स्थिति में टोल-फ्री नंबर 1800118797 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा लैंडलाइन नंबर 91-11-23012113, 91-11-23014104 और 91-11-23017905 भी उपलब्ध कराए गए हैं। वतन लौटे लोग मिडिल ईस्ट के देशों से भारतीयों का लौटना जारी है। मंगलवार देर रात जेद्दा, दुबई से कई भारतीय दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुए। भारत आने पर लोगों ने कहा कि अपने देश वापस आकर अच्छा लग रहा है।


समुद्र में फंसे भारतीय जहाज- ईरान ने जंग के कारण दुनिया का सबसे अहम होर्मुज रूट (समुद्र का रास्ता) बंद कर दिया है। इसके चलते भारतीय झंडे वाले 37 जहाज और उनमें सवार 1,109 भारतीय नाविक वर्तमान में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं।

कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद- युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के 8 देशों ने एयरस्पेस पूरी तरह बंद कर दिए हैं। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक भारतीय एयरलाइंस ने 1,117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद की हैं। इससे हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए हैं।

मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव- दरअसल, हाल ही में अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर बड़े हमले किए, जिनमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई। इसके बाद तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए खाड़ी क्षेत्र के कई देशों को निशाना बनाया।

ईरान की ओर से किए गए जवाबी हमलों के दौरान कुवैत, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात के ऊपर मिसाइल और ड्रोन हमलों की कोशिशें हुईं, जिन्हें कई जगहों पर इंटरसेप्ट कर लिया गया। इन घटनाओं के चलते कुछ समय के लिए कई देशों का एयरस्पेस भी बंद करना पड़ा। इन हमलों में सेना के साथ-साथ आम नागरिकों को भी नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं।

## बिरला ने विशेषाधिकार समिति के लिए 15 सदस्य मनोनीत किए, रविशंकर प्रसाद होंगे अध्यक्ष



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की विशेषाधिकार समिति के लिए मंगलवार को 15 सदस्य मनोनीत किए। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, इस समिति में प्रसाद के अलावा भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, संगीता कुमारी सिंह देव, जगदंबिका पाल, त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं जगदीश शेट्टर, कांग्रेस के तारिक अनवर, मनीष तिवारी और मणिकम टैगोर, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, द्रमुक के टीआर बालू, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने और शिवसेना (उबाठा) के अरविंद सावंत को सदस्य बनाया गया है। विशेषाधिकार समिति संसद की एक स्थाई समिति होती है, जो सदस्यों या सदन के विशेषाधिकार हनन और अवमानना के मामलों की जांच करती है। यह समिति अध्यक्ष द्वारा संदर्भित मामलों की जांच कर कार्यवाही की सिफारिश करती है। समिति में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मनोनीत 15 सदस्य और राज्यसभा के सभापति द्वारा मनोनीत 10 सदस्य होते हैं।

## ईरान-इजरायल जंगः केरल से खाड़ी तक सब्जियों की सप्लाई प्रभावित, क्या कीमतों में होगा इजाफा?




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केरल से खाड़ी देशों में भेजे जाने वाले ताजा सब्ज़ियों के निर्यात में अचानक बड़े पैमाने पर व्यवधान आ गया है। यह संकट पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और हवाई उड़ानों के रद्द होने के कारण उत्पन्न हुआ है, जिससे करी पत्तियों से लेकर अनानास तक सभी प्रमुख सब्जियां निर्यात के लिए नहीं भेजी जा पा रही हैं।

केरल के कई किसान और निर्यातक आज बाजार में ही अपने उत्पाद बेचने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि खाड़ी देशों के लिए उड़ानों का रूट सिक्योरिटी कारणों से बंद हो गया है। खासकर करी पत्ते, कच्चे केले, केले के पत्ते और अनानास जैसी स्थानीय फसलों की खाड़ी में मांग बहुत अधिक थी, लेकिन अब वह निर्यात नहीं हो पा रही। निर्यात के लिए आमतौर पर विमान के कार्गो हिस्से का उपयोग होता है, लेकिन हालात के चलते उड़ानें रद्द होने के कारण सप्लाई चेन पूरी तरह बाधित हो गई है।

# मिडिल ईस्ट में जंग के बीच भारत में घुसपैठ की कोशिश, बॉर्डर से पाकिस्तानी गिरफ्तार



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के बीच अमृतसर में पाकिस्तानी सीमा पर लगी कंटीली तार के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सोमवार देर रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पाकिस्तान स्थित जिला शेखूपुरा के मुरीदके निवासी मोहम्मद अशफाक के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से पाकिस्तान करंसी के आठ हजार रुपए, मोबाइल और तीन सिम बरामद किए गए हैं। बीएसएफ ने उसे थाना घरिंडा की पुलिस के हवाले किया गया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है।

बीएसएफ की 181 कंपनी के कमांडेंट राकेश नेगी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीएसएफ जवान सोमवार रात बॉर्डर आउट पोस्ट राजाताल के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान कंटीली तार के पास एक व्यक्ति को आते देखा। जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। जब उसकी पहचान पूछी गई तो उसने खुद को पाकिस्तानी नागरिक बताया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# मोदी को दी विदाई, फिर शुरू हुई ईरान की तबाही; इजरायल ने बताया आखिर क्यों चुना गया सही समय



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने कहा है कि ईरान पर हाल ही में किए गए इजरायली और अमेरिकी हमले किसी पूर्व निर्धारित योजना का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने बताया कि यह हमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल से रवाना होने के तुरंत बाद मिले एक ऑपरेशनल अवसर का नतीजा था। इसके पीछे इजरायल की दशकों की खुफिया और सैन्य तैयारियों का अहम योगदान है।

26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई थी। इस दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया और 17 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस हाई-प्रोफाइल यात्रा के ठीक दो दिन बाद अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू कर दिया।

द इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में इजरायली दूत ने साफ किया कि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान इस संभावित हमले के बारे में इजरायल को खुद भी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा- जाहिर है, पीएम मोदी के साथ हमारी बातचीत में क्षेत्रीय विकास पर चर्चा हुई, लेकिन जो बात हमें खुद नहीं पता थी, उसे हम साझा नहीं कर सकते थे। यह एक ऑपरेशनल अवसर था जो पीएम मोदी के जाने के बाद ही सामने आया। हमले की मंजूरी शनिवार सुबह ही सुरक्षा कैबिनेट से ली गई थी।

राजदूत ने बताया कि ईरान से मिल रही धमकियों के कारण इजरायल ने अपनी सैन्य और खुफिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पिछले कई वर्षों में अरबों डॉलर का निवेश किया है। इसका मुख्य उद्देश्य ईरानी शासन की कार्यप्रणाली, उनकी सैन्य मशीनरी, निर्णय लेने वालों की पहचान और उनकी लोकेशन को सटीक रूप से समझना था।

# कश्मीर घाटी में कई सोशल मीडिया पेज ब्लॉकः सरकार पर भड़के CPI (M) नेता तारिगामी, कहा- ये पाबंदी अलोकतांत्रिक



**श्रीनगर/ जीएनएस।** सीपीआई (एम) नेता और कुलगाम से विधायक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने बुधवार को कश्मीर में कई जाने-माने मीडिया ऑर्गनाइजेशन पर कथित पाबंदियों को लेकर चिंता जताई है, क्योंकि उनके सोशल मीडिया पेज भी कथित तौर पर हटा दिए गए हैं।

जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शनों की कवरेज के बाद कुछ न्यूज आउटलेट्स के पेज हटाए जाने की खबरों का जिक्र करते हुए उन्होंने ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमलों में हत्या की निंदा करने के लिए जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। मीडिया ऑर्गनाइजेशन्स की यह जिम्मेदारी है कि वे जमीनी हालात की रिपोर्ट करें। तारिगामी ने कहा, ÷भरोसेमंद और प्रोफेशनली चलाए जाने वाले मीडिया आउटलेट्स वेरिफाइड जानकारी देने में अहम भूमिका निभाते हैं, खासकर सेंसिटिव हालात में। अगर किसी खास रिपोर्ट पर कोई आपत्ति होती, तो अधिकारी सफाई मांग सकते थे या कानूनी उपाय अपना सकते थे। पहले से मौजूद मीडिया आउटलेट्स के प्लेटफॉर्म्स पर रोक लगाना न तो सही तरीका है और न ही यह लोकतांत्रिक तरीके से सही है।÷

कुलगाम के विधायक ने इस घटना को बुरा बताया और सरकार से जल्द से जल्द पेजों को फिर से चालू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रेस की आजादी संविधान के आर्टिकल 19(1)(ड्ड) के तहत सुरक्षित है, जो बोलने और बोलने की आजादी की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि पहले से मौजूद न्यूज प्लेटफॉर्म्स पर रोक लगाने से जरूरी नहीं कि गलत जानकारी पर रोक लगे, बल्कि इससे बिना वेरिफाई किए सोर्स को गुमराह करने वाला कंटेंट फैलाने का मौका मिल सकता है।

सीपीआई (एम) नेता ने लोकसभा सांसद रूहुल्लाह मेहदी और दूसरों के खिलाफ स्नङ्घक्र दर्ज होने पर भी चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों से यह पक्का करने की अपील की कि असहमति की आवाजों को दबाया न जाए और संवैधानिक गारंटी के मुताबिक कानूनी और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहने का सम्मान किया जाए।

# होली/रंगपंचमी पर हानिकारक केमिकल युक्त रंगों के खिलाफ इंदौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सैकड़ों बोरी रंग जब्त

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली और रंगपंचमी के पावन पर्व पर आमजन की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट की टीमें शहर के विभिन्न बाजारों में सघन चेकिंग कर हानिकारक और औद्योगिक उपयोग में लाए जाने वाले केमिकल युक्त रंगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही हैं। साथ ही व्यापारियों और नागरिकों को रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।



इसी क्रम में नगरीय पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने शहर के प्रमुख बाजारों में रंग और गुलाल की दुकानों पर सरप्राइज चेकिंग की। थाना बाणगंगा क्षेत्र में जांच के दौरान बड़ी मात्रा में ऐसे रंग पाए गए जो औद्योगिक उपयोग के लिए थे और जिन पर त्वचा पर सीधे उपयोग न करने की चेतावनी लिखी थी, इसके बावजूद उन्हें बाजार में बेचा जा रहा था। मानव जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करने वाले इन रंगों को पुलिस ने तत्काल जब्त कर लिया।

मोहल्ला मीटिंग में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी कार्रवाई की गई, जिसमें बताया गया था कि 'रामरज' नामक पाउडर महिलाओं पर उड़ाया जाता है जिससे बच्चों की आंखों में जलन की समस्या सामने आती है। चूंकि यह पदार्थ औद्योगिक उपयोग के लिए होता है और रंग के रूप में इसका उपयोग प्रतिबंधित है, इसलिए पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए 87 बोरी, कुल 2.175 क्विंटल रामरज जब्त किया। इसी प्रकार थाना सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में नॉर्थ तोड़ा स्थित एक दुकान और गोदाम से करीब 100 बोरी रामरज जब्त किया गया।

शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में भी लगातार दुकानों की जांच की जा रही है और खतरनाक केमिकल युक्त रंगों को जब्त करने की कार्रवाई जारी है। पुलिस द्वारा स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि प्रतिबंधित और हानिकारक रंगों की बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों को समझाइश दी जा रही है कि वे केवल हर्बल और प्राकृतिक रंगों की ही बिक्री करें और खतरनाक रासायनिक रंगों से दूरी बनाए रखें।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि होली पर ऐसे रंगों का उपयोग न करें जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों। साथ ही सड़क पर चल रहे लोगों पर जबरन रंग न डालें और किसी भी प्रकार का हुड़दंग कर दूसरों को परेशान न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पुलिस की कड़ी नजर, अनाउंसमेंट कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में होली का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए, इसके लिए इंदौर पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में डटी हुई है। असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, वहीं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग और चेकिंग की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे सौहार्दपूर्ण और शांति के साथ होली मनाएं, शराब पीकर या किसी भी प्रकार का नशा कर वाहन न चलाएं, तीन सवारी न बैठाएं, जबरन किसी को रंग न लगाएं और राह चलते लोगों पर रंग या गुब्बारे न फेंकें। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने का भी आग्रह किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, जबरदस्ती या कानून उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इंदौर पुलिस का उद्देश्य है कि सभी नागरिक सुरक्षित माहौल में प्रेम, भाईचारे और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाएं।

## ट्रैफिक जाम से अपराधों पर नियंत्रण तक... गेर और रमजान में पुलिस के सामने बड़ी चुनौतियां

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में रंगपंचमी की गेर के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। गेर के दौरान लाखों लोग राजबाड़ा पर पहुंचेंगे और इसमें बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भी आएंगे। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गेर के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हाल ही में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई। पलासिया स्थित कार्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और आर.के. सिंह सहित सभी डीसीपी, एसीपी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। संतोष सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों से कहा कि गेर के दौरान शहर में शांति व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना है ताकि नागरिक हर्ष और उल्लास के साथ त्यौहार मना सकें। होली और गेर के साथ ही रमजान माह को देखते हुए पूरे शहर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। यह बल आधुनिक संसाधनों और बलवा ड्रिल सामग्री से लैस है। पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कंट्रोल यूनिट के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

आयोजनों के दौरान ट्रैफिक संभालना भी बड़ी चुनौती- पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आयोजनों के दौरान यातायात बाधित न हो। आयोजकों को कार्यक्रम स्थलों पर सीसीटीवी, पार्किंग और वालंटियर्स की व्यवस्था करनी होगी। डीजे का संचालन निर्धारित आवाज और समय के भीतर ही करना अनिवार्य होगा, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कार्यक्रमों में नशा और घातक रसायनों के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

इस सप्ताह से ही पुलिस ने दिन रात की गश्त शुरू कर दी है। अलग अलग टीमें बनाकर क्षेत्रवार छापेमारी हो रही है। शहर के गुंडे, बदमाशों और सूचीबद्ध अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के आरोपियों की चेकिंग की जा रही है और सक्रिय बदमाशों को बाउंड ओवर किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले संदेशों पर भी साइबर सेल द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शांति समिति की बैठकें आयोजित कर नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित करें। गेर और अन्य सभी आयोजनों के दौरान निकलने वाले चल समारोहों के लिए विशेष डायवर्सन और पार्किंग प्लान तैयार किया गया है।

## सीवर टैंक में दो निगम कर्मियों की मौत, जहरीली गैस से दम घुटा

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। सीवर लाइन में उतरे नगर निगम के दो कर्मचारियों की जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। यह घटना चोइथराम मंडी गेट के समीप घटित हुई। मृतकों की पहचान करण और अजय के रूप में हुई है जो नगर निगम के जोन-13 में पदस्थ थे। शाम करीब 6:30 बजे यह घटना हुई और बताया जा रहा है कि स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी शाम 5 बजे तक थी।

पाइप निकालने के प्रयास में हुआ हादसा - प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम की टीम शाम के समय सीवर की सफाई करने पहुंची थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह घटना शाम लगभग 6:30 बजे की है। सफाई के दौरान जब सक्शन टैंकर का पाइप बाहर निकाला जा रहा था तभी उसका एक हिस्सा टूटकर सीवर टैंक के भीतर जा गिरा। इसी टुकड़े को वापस निकालने के उद्देश्य से अजय और करण एक-एक करके टैंक के अंदर दाखिल हुए। आशंका व्यक्त की जा रही है कि टैंक में अत्यधिक मात्रा में जमा जहरीली गैस की चपेट में आने से दोनों का दम घुट गया और वे बेहोश हो गए।

जैसे ही दोनों कर्मचारी अंदर फंसे उन्हें बचाने के लिए एक अन्य कर्मचारी अकबर और एक स्थानीय नागरिक ने भी टैंक में छलांग लगा दी। हालांकि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वहां मौजूद अन्य लोगों और पुलिस की सक्रियता से इन दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और टैंक में फंसे अजय और करण को बाहर निकालने के प्रयास तेज किए।

काफी मशक्कत के बाद जब अजय और करण को टैंक से बाहर निकाला गया तो उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक कर्मचारियों के परिजनों और साथी कर्मचारियों में शोक की लहर है।

## सिक्का स्कूल के पास कार में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लसूडिया थाना क्षेत्र में सिक्का स्कूल के पास कार में तोड़फोड़ और मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़कर जेल भेज दिया गया।




दिनांक 26 फरवरी 2026 को फरियादी राजेश चौधरी पिता माखनलाल चौधरी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कलारिया धार रोड इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम करीब 6-30 बजे वह अपनी कार से घर जा रहे थे। इसी दौरान सिक्का स्कूल के पास एक मोटरसाइकिल चालक अपने साथियों के साथ लहराते हुए आया और उनकी कार के बोनट पर थूक दिया। जब फरियादी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और शराब के लिए पैसे मांगने लगे। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने बेसबॉल डंडे से कार में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

फरियादी की शिकायत पर लसूडिया थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 286/2026 धारा 119(1), 115(2), 296(ए), 351(3), 324(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कुलदीप उर्फ भैय्यू पिता कमल डामोर उम्र 18 वर्ष निवासी आदर्श इंदिरा नगर, उज्जवल पिता श्याम दुबे उम्र 26 वर्ष निवासी जलाराम नगर चंदन नगर, शुभम पिता राजेंद्र गोरे उम्र 26 वर्ष निवासी आदर्श इंदिरा नगर तथा विशाल पिता कैलाश चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी आदर्श नगर थाना छत्रीपुरा शामिल हैं। कुलदीप ने बेसबॉल डंडे से कार पर प्रहार किया था, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हुआ और चालक को चोट आई।

पुलिस के अनुसार आरोपियों पर पूर्व में भी विभिन्न थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। घटना के बाद मोटरसाइकिल से भागते समय गिरने से आरोपियों को चोटें भी आई थीं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने फरवरी 2026 में रचा कीर्तिमान, 1.82 मिलियन टन माल लदान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने फरवरी 2026 में माल लदान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए 1.82 मिलियन टन (एमटी) माल लदान किया है। यह किसी भी वित्तीय वर्ष में फरवरी माह का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मंडल द्वारा विभिन्न माल ढुलाई मदों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जो बेहतर योजना, विभागों के साथ समन्वय और कुशल परिचालन प्रबंधन का परिणाम है।



मंडल के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फरवरी 2026 में खाद्यान्न, उर्वरक और पेट्रोलियम पदार्थों की लोडिंग में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की गई। खाद्यान्न लदान में इस वर्ष बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई। फरवरी 2026 में 38 रेक यानी 0.10 एमटी लोड किए गए, जबकि फरवरी 2025 में 13 रेक यानी 0.03 एमटी लोड हुए थे। इस प्रकार टन भार के आधार पर 233 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

उर्वरक लदान में भी निरंतर मजबूती बनी रही। फरवरी माह में 44 उर्वरक रेक लोड किए गए। यह लगातार आठवां महीना है जब 40 या उससे अधिक उर्वरक रेक का लदान किया गया। साथ ही 25 फरवरी 2026 को एक ही दिन में 126 वैगनों का सर्वश्रेष्ठ लदान कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया।

पेट्रोलियम, ऑयल एवं ल्यूब्रिकेंट (पीओएल) श्रेणी में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। फरवरी 2026 में 35 रेक यानी 0.09 एमटी लोड किए गए, जो फरवरी 2025 में 17 रेक यानी 0.04 एमटी की तुलना में 125 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त क्लिंकर में रेक आधार पर 1.38 प्रतिशत, कंटेनर में टन भार के आधार पर 16.67 प्रतिशत तथा अन्य विविध मदों में 33.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

रतलाम मंडल की यह उपलब्धि अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, टीम वर्क तथा ग्राहकों के साथ बेहतर समन्वय का परिणाम है। मंडल ने भविष्य में भी माल ढुलाई को बढ़ावा देने और ग्राहकों को और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

## रंगपंचमी गैर मार्ग पर निगम की कार्रवाई, अव्यवस्थित केबल हटाकर मार्ग किया सुरक्षित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी रंगपंचमी पर्व पर निकलने वाली पारंपरिक गैर यात्रा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा गैर मार्ग को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार मार्ग पर अव्यवस्थित एवं अनावश्यक रूप से लटके केबल हटाने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।



इसी क्रम में आज झोन क्रमांक 2 के अंतर्गत उप यंत्री प्रिंस भारद्वाज एवं उनकी टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए विजय चाट हाउस चौराहा से सराफा थाना के मध्य मार्ग का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर नीचे लटके और अव्यवस्थित रूप से फैले केबल तार पाए गए, जो गैर यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते थे। टीम ने तत्काल ऐसे केबल हटाकर मार्ग को व्यवस्थित किया।

नगर निगम द्वारा बताया गया कि यह कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। प्रथम चरण में प्रमुख हिस्सों से केबल हटाए गए हैं, जबकि द्वितीय चरण में गैर मार्ग के अन्य भागों में भी अनावश्यक और असुरक्षित केबलों को चिन्हित कर हटाया जाएगा।

आयुक्त श्री सिंघल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गैर मार्ग पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, बाधक सामग्री अथवा असुरक्षित ढांचे को तुरंत हटाया जाए, जिससे रंगपंचमी का आयोजन सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि भविष्य में पुनः अव्यवस्थित केबल न लगाए जा सकें।

## रंगपंचमी पर सुगम और सुरक्षित यातायात के लिए इंदौर में विशेष अभियान, सघन चेकिंग शुरू

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली और रंगपंचमी सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह और पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं।




मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील मार्गों पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार भ्रमण कर यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस उपायुक्त यातायात श्री त्रिपाठी स्वयं प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि त्योहार के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सतर्कता, संयम और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर ड्यूटी पॉइंट्स पर ब्रीफिंग दी जा रही है और व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रमुख बाजारों और चौराहों पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध व्हील लॉक लगाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। लापरवाहीपूर्वक या नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही त्योहार के दौरान खरीदारी के लिए बाजारों में आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित पार्किंग स्थलों के उपयोग को सुनिश्चित कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं। रंग खेलते समय सड़कों पर हुड़दंग, स्टंटबाजी और खतरनाक ड्राइविंग से बचें। पुलिस ने संदेश दिया है कि इस होली और रंगपंचमी पर रंगों के साथ जिम्मेदारी भी निभाएं और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनें।

## होली-रंगपंचमी पर इंदौर पुलिस का बड़ा एक्शन, 515 असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, 346 शराबी वाहन चालक पकड़े

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली, रंगपंचमी और रमजान जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर (का./व्य.) अमित सिंह और एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में 3 मार्च 2026 को देर रात तक शहरभर में विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए कुल 515 लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गई। विभिन्न प्रकरणों में 34 से अधिक वारंट तामील कराए गए, जिनमें 2 स्थायी, 9 गिरफ्तारी और 23 जमानती वारंट शामिल हैं। आदतन बदमाशों के विरुद्ध 170 बीएनएसएस में 24, 129 बीएनएसएस में 4 तथा 126बी/135(3) बीएनएसएस में 44 प्रकरण दर्ज कर कुल 72 बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष अभियान चलाते हुए 346 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई और उनके वाहन जब्त किए गए। साथ ही ब्लैक फिल्म लगाकर चल रहे 23 चारपहिया वाहनों की फिल्म हटवाकर चालानी कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध 47 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालों पर 6 प्रकरण पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

अवैध शराब विक्रय के मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 156 से अधिक क्वार्टर देशी शराब और 38 बीयर बोतलें जब्त की गईं। थाना द्वारकापुरी क्षेत्र में एक महिला तस्कर संगीता के कब्जे से 2.2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

अभियान के दौरान हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन पेट्रोलिंग कर निगरानी रखी गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया गया।

नगरानीशुदा बदमाशों, जिलाबदर और रासुका के आरोपियों की भी जांच की गई और कई फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए बदमाशों को भविष्य में अपराध न करने की सख्त हिदायत दी गई और उनके डोजियर भी भरवाए गए।

इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## भंवरकुआ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध देशी पिस्टल व चार जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अवैध हथियारों और सक्रिय बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भंवरकुआ पुलिस को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी केतन शर्मा को एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है, जिससे और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।

पुलिस आयुक्त श्री संतोष सिंह के निर्देशन में नगरीय इंदौर में अवैध हथियारों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री आनंद कलादगी के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री दीशेष अग्रवाल और सहायक पुलिस आयुक्त जूनी इंदौर श्री विजय चौधरी के निर्देशन में थाना प्रभारी भंवरकुआ राजकुमार यादव द्वारा हॉटस्पॉट एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए विशेष टीम गठित की गई थी।

दिनांक 1 मार्च 2026 को चेकिंग के दौरान टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा।

# पत्रिका लेखन से हुआ शुभारंभ, साध्वी उपेन्द्रयशाश्री की निश्रा में 25 मार्च से नवपद ओली आराधना

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आध्यात्मिक साधना और तप की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बही तीर्थ में नवपद ओली आराधना का शुभारंभ पत्रिका लेखन के साथ किया गया। आयोजन 25 मार्च से साध्वी उपेन्द्रयशाशाश्री की पावन निश्रा में प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पत्रिका लेखन शुभारंभ अवसर पर बही तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने कहा कि तन से अधिक घातक मन की बीमारी होती है, जिसका उपचार केवल तप, त्याग और धर्म आराधना से संभव है। नवपद ओली एक विशिष्ट और प्रभावी आराधना है, जिसमें साधक नौ दिनों तक अत्यंत संयमित जीवन शैली अपनाते हुए बिना मिर्च-मसाले, तेल-घी के सादा भोजन ग्रहण करते हैं तथा केवल उष्ण (गरम) जल का सेवन करते हैं। यह तप आत्मशुद्धि, मनोबल वृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। कुमठ ने धार्मिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन काल में श्रीपाल-मयणासुंदरी ने नवपद ओली की आराधना कर कुष्ठ रोग से मुक्ति प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि नवपद की आराधना आत्मकल्याण के साथ मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होने का सशक्त माध्यम है। तीर्थ ट्रस्टी दिलीप डांगी ने जानकारी दी कि 25 मार्च से प्रारंभ होने वाली इस आराधना में प्रतिदिन विशेष पूजन, नवपद की आराधना, प्रवचन, स्वाध्याय एवं धर्मचर्चा के आयोजन होंगे। साध्वी उपेन्द्रयशाश्री के सान्निध्य में श्रद्धालुजनों को धर्मलाभ प्राप्त होगा। आयोजन की तैयारियां तीर्थ ट्रस्ट द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। पत्रिका लेखन कार्यक्रम के दौरान शेतानमल रांका, डॉ. प्रकाश जैन, भावेष लूणावत, संदीप धींग, मनोज जैन, प्रभुलाल छाजेड़ सहित समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# गुरु चरणों में पहुंच कर लिया सेवा संघ के सदस्यों ने मंगल आशीर्वाद




**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेवाड़ प्रान्त कि धार्मिक नगरी सिंगोली से आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससघ के पावन चरणों में गुरु सेवा संघ के सदस्यों ने श्री महावीर जी राजस्थान में पहुंचकर मंगल आशीर्वाद लिया प्राप्त जानकारी के अनुसार पुज्य मुनिश्री ससघ का मंगल विहार देश कि राजधानी दिल्ली से मेवाड़ प्रान्त कि धार्मिक नगरी सिंगोली कि और चल रहा है जहा आगामी मुनिश्री ससघ के पावन सानिध्य में 2 अप्रैल से 7 अप्रैल 2026 तक भव्य पन्चकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव होने जा रहा है इस हेतु भव्य तैयारियां जोर-शोर से चल रही है इस दोरान समाजजनों द्वारा मुनिश्री ससघ के आहरचर्या व विहार में बड़े भक्ति भाव व उत्साह के साथ चल रहे है जिससे धर्म मय वातावरण बना हुआ पुज्य मुनिश्री ससघ मार्च महीने के अन्तिम सप्ताह में नगर मे पहुंचेंगे जहा पुज्य मुनिश्री ससघ कि समाजजनों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मंगल आगवानी कि जाएगी पुज्य मुनिश्री ससघ के सानिध्य में महावीर जयंती का भव्य आयोजन होगा नगर में भव्य पन्चकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव होने से नगर के साथ साथ मेवाड़ प्रान्त में उषा का माहौल बना हुआ है।

## मध्यप्रदेश के कृषि, खाद्य उत्पादों और शिल्प को मिल चुके हैं प्रतिष्ठित 27 जीआई टैग

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश की अनेक शिल्प कलाओं और कृषि, उद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर ÷जीआई टैग÷ प्राप्त होना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के स्वप्न को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के उन्नत किसानों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, शिल्पकारों और उन्हें प्रोत्साहित करने वाले विभागों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

बैतूल जिले की पारंपरिक शिल्प कला भरेवा कला को यह राष्ट्रीय पहचान मिली है। क्राफ्ट विलेज टिगरिया की भरेवा व कला को जीआई टैग मिला है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने हाल ही में (दिसंबर 2025 में) भरेवा शिल्प के कलाकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से भी सम्मानित किया। बैतूल के अलावा छतरपुर जिले के खजुराहो के स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर जिले के ही पारंपरिक काष्ठ शिल्प, ग्वालियर के पत्थर शिल्प, ग्वालियर की पेपर मैश कला जीआई टैग प्राप्त करने में सफल रही है।

प्रदेश के अन्य जीआई टैग उत्पाद इस प्रकार हैं- चंदेरी साड़ी, महेश्वरी साड़ी और फैब्रिक, धार का बाग प्रिंट, इंदौर के लेदर के खिलौने, दतिया और टीकमगढ़ के बेल मेटल वेयर, उज्जैन का बटीक प्रिंट, जबलपुर का संगमरमर शिल्प, डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी, ग्वालियर की ज्यामितीय पैटर्न की कालीन, पन्ना का हीरा, डिंडोरी का लोहा शिल्प, बालाघाट का चिन्नौर चावल, रीवा का सुंदरजा आम, सीहोर और विदिशा का शरबती गेहूं, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश का संयुक्त रूप से महोबा देशावरी पान, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा क्षेत्र का नागपुरी संतरा, झाबुआ जिले का कड़कनाथ मुर्गा, रतलाम का सेव, मुरैना की गजक, बुंदेलखंड क्षेत्र का कठिया गेहूं और जावरा का लहसुन शामिल है।

मध्यप्रदेश के अन्य अनेक उत्पाद भी जीआई टैग प्राप्त होने की श्रृंखला में शीघ्र शामिल होंगे। इसके लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार के स्तर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश में वर्ष 2024 में बुंदेलखंड के कठिया गेहूं और रतलाम जिले के जावरा के लहसुन को जीआई टैग प्राप्त हुआ। इसी तरह वर्ष 2025 में प्रदेश के पांच उत्पाद को जीआई टैग मिला। इनमें छतरपुर जिले के खजुराहो का स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर का ही पारंपरिक फर्नीचर, बैतूल का भरेवा मेटल क्राफ्ट, ग्वालियर का पत्थर शिल्प और ग्वालियर का ही पेपर मैश क्राफ्ट शामिल है।

जीआई टैग प्रदान करने का कार्य उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है। पंजीकरण की प्रक्रिया के बाद जीआई टैग की वैधता 10 वर्ष के लिए होती है, जिसे नवीनीकरण का लाभ भी मिलता है। जीआई टैग भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री अर्थात (ज्योग्राफिकल इंडिकेशंस रजिस्ट्री) केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है। किसी उत्पाद की प्रामाणिकता की दृष्टि से जीआई टैग मिलना बहुत महत्व रखता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में दार्जिलिंग की चाय को भारत के प्रथम जीआई टैग प्राप्त होने का गौरव मिला था।

# नगर भाजपा डीकेन द्वारा गौरव दिवस मनाया गया



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय स्व श्री वीरेंद्रकुमार जी सखलेचा जी की जन्म जयंती के अवसर पर नगर भाजपा डीकेन द्वारा कंजार्डा चौराहा स्थित पुर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय स्व श्री वीरेंद्रकुमार जी सखलेचा जी के प्रतिमा स्मारक स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धेय पुर्व मुख्यमंत्री जी को याद किया ।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पुर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय स्व श्री वीरेंद्र कुमार सखलेचा जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सखलेचा जी ने मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के विकास और जनहित के लिए जो दूरगामी निर्णय लिए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी कार्यशैली और अनुशासन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणापुंज हैं।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और बड़े साहब अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और श्रद्धा के भाव से भर गया।

भारत माता की जय, बड़े साहब अमर रहे, गगन भेदी नारों से उदघोष किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश जी व्यास, पुर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश चंद्र जी मूंदड़ा स्वदेशी,नगर भाजपा अध्यक्ष संदीप जी सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र जी खींचा, पुर्व नगर परिषद अध्यक्ष देवीलाल जी पाटीदार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री शंकर लाल जी गुर्जर,पुर्व पार्षद सुनील जी सेन , मंडल उपाध्यक्ष नितेश सेन, मंडल मंत्री नितेंद्र जोशी, वरिष्ठ नेता हुकमीचंद जी गोयल,

पुर्व पार्षद बंशीलाल जी मारुभट, प्रहलाद गुर्जर, राजेंद्र सेन, शैलेन्द्र जी जैन, खेमराज जी गुर्जर , सत्यनारायण गोयल अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

और पुर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय स्व श्री वीरेंद्रकुमार जी सखलेचा जी जन्मजयंती पर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए, उन्हें याद किया, नमन किया।

# स्व. वीरेंद्र कुमार सकलेचा की जयंती पर विधानसभा में श्रद्धांजलि, जावद से शुरू हुई जनसंघ की पहली राजनीतिक जीत

**सीएम सहित अनेक नेताओं ने किया नमन, विधायक ओमप्रकाश सकलेचा बोले— कठोर प्रशासक के रूप में देशभर में थी पहचान**



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सकलेचा की जयंती पर बुधवार को राजधानी भोपाल स्थित विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके राजनीतिक व सामाजिक योगदान को स्मरण किया।

विधानसभा की ओर से आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र एवं जावद क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, राजकुमार सकलेचा और विजय कुमार सकलेचा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवान दास सबनानी, विधायक विष्णु खत्री सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि स्व. वीरेंद्र कुमार सकलेचा का जन्म 4 मार्च 1930 को हुआ था और वे वर्ष 1957 से लगातार 27 वर्षों तक विधायक रहे। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी रही। वर्ष 1967 में बनी गैर-कांग्रेसी सरकार में वे उपमुख्यमंत्री बने और वर्ष 1977 में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश का नेतृत्व किया। पूरे देश में उनकी पहचान एक कठोर और अनुशासित प्रशासक के रूप में रही।

उन्होंने जावद की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि जावद के लोगों के लिए यह गर्व का विषय है कि पूरे भारत में सबसे पहले जनसंघ ने जावद नगरपालिका का चुनाव जीता था। राजनीतिक दृष्टि से जनसंघ की पहली जीत जावद से ही शुरू हुई थी, जिसने आगे चलकर राष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा दी।

जावद में स्व. सकलेचा की कमी के सवाल पर विधायक सकलेचा ने कहा कि उनकी कमी आज भी महसूस होती है। हालांकि पिछले लगभग 35 वर्षों में जावद क्षेत्र को विकास की नई दिशा मिली है और कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

उन्होंने कहा कि उसी दिशा को आगे बढ़ाते हुए आज जावद तकनीकी शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। आंगनवाड़ी स्तर से ही बच्चों को नई शिक्षा पद्धति से जोड़कर उन्हें केवल निर्देशों का पालन करने के बजाय अपने दिमाग का उपयोग करने और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

विधानसभा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, कार्यकर्ता और मीडियाकर्मी भी मौजूद रहे। सभी ने स्व. वीरेंद्र कुमार सकलेचा के जनसेवा, अनुशासन और विकास के प्रति समर्पित जीवन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# होली के शुष्क दिवस पर अवैध शराब जब्तः 315 पाव मदिरा बरामद, दो आरोपियों पर प्रकरण दर्ज




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली पर्व के अवसर पर घोषित शुष्क दिवस के दौरान अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय पर रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री शरद पाठक के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने जिले में विशेष अभियान चलाया। मंगलवार तीन मार्च को वृत्त विदिशा 'अ' के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर शहर के रामलीला मैदान के सामने शमशान रोड पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान विनोद बघेल पिता हुकुम सिंह (उम्र 31 वर्ष), निवासी राजपूत कॉलोनी विदिशा, के कब्जे से दो थैलों में भरी कुल 300 पाव देशी प्लेन मदिरा (कुल मात्रा 54 बल्क लीटर) बरामद की गई। आरोपी उक्त मदिरा को शुष्क दिवस पर विक्रय करने के उद्देश्य से लाया था। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जब्त की गई मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 21,000 रुपये आंका गया है। उक्त कार्रवाई में वृत्त प्रभारी संजय इवने, आबकारी उपनिरीक्षक आर.एस. धाकड़, आबकारी आरक्षक पवन गौर, राहुल राठौर, शिवलाल चिडार, प्रमोद धुर्वे, आशीष कौरव एवं प्रीति परिहार का सराहनीय योगदान रहा। इसी क्रम में एक अन्य कार्रवाई में नरेन्द्र चोकसे पिता मीठूलाल चोकसे, निवासी बरईपुरा विदिशा, को 15 पाव देशी मदिरा मसाला शराब के साथ बरईपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से विक्रय करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शुष्क दिवस पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आप की मंदसौर नीमच रतलाम जिलों में संगठन निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आम आदमी पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी जितेंद्रसिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार प्रदेश में प्रत्येक जिले में संगठन निर्माण हेतु आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी सम्बंधित जिलों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर संगठन निर्माण की प्रक्रिया संचालित कर रहे है और संघठन का नवनिर्माण कर रहे है। उसी कड़ी के अंतर्गत प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी. नवीन कुमार अग्रवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री यशवंत धाकड़ का चार दिवसीय दौरा कार्यक्रम रतलाम जोन में रखा गया है। जिसके अंतर्गत 6 मार्च शुक्रवार को मंदसौर जिले में दोपहर 12 बजे दशपुर कुञ्ज उद्यान, सिविल हॉस्पिटल के सामने मंदसौर , 7 मार्च शनिवार को नीमच जिले के पार्टी कार्यालय महू रोड नीमच पर दोपहर 2 बजे एवं 9 मार्च को रतलाम जिले के कालिका मंदिर उद्यान रतलाम पर प्रातः 11 बजे पार्टी कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं से उक्त बैठक में उपस्थित होने का निवेदन किए गया है। बैठक में प्रस्तावित जिले के पदाधिकारियों के नाम अनुमोदन हेतु प्रदेश प्रभारी को प्रेषित किये जावेंगे। उक्त जानकारी जोन मीडिया प्रभारी प्रकाश दोसावत ने प्रेस नोट जारी कर दी।

## समाजसेवी जगदीशचन्द्र वेद का निधन, सुवासरा नगर में शोक की लहर



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुवासरा नगर में स्थानीय निवासी मंदसौर रोड़ स्थित रेलवे गिल्ड के ठीक सामने निवास करने वाले स्वर्गीय मांगीलाल जी वेद के ज्येष्ठ पुत्र कैलाश चंद, दिनेश, राजमल एवं जुगल वेद के बड़े भाई दिपेश के पीताश्री तथा रूद्र के दादाजी जगदीश चन्द्र वेद का हृदय गति रुक जाने से दिनांक 26 फरवरी को देवगन हो गया है। उनके निधन का समाचार जैसे ही नगर मे फेला, सुवासरा क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। स्वर्गीय जगदीश चन्द्र वेद हंसमुख मिलनसार सेवाभावी एवं समाज सेवी व्यक्तित्व के धनी थे। वे आमजन से आत्मीयता से मिलते थे तथा नगर नगर व आसपास के के प्रत्येक वर्ग मे उनकी अच्छी पहचान व मित्रता थी। उनका असमय निधन नगर के लिए अपूर्णीय क्षति हुई है। ऐसे सरल नेक दिल एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति का जाना निश्चित रूप से अत्यंत दुखद है। उनके निधन से परिवारजनों सहित समस्त नगरवासी शोकाकुल है।

# सरसों भी बनी भावांतर योजना का हिस्सा, कृषि वर्ष 2026 में किसानों को मिली बड़ी सौगात



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने का निर्णय प्रदेश के किसानों के लिए नई उम्मीद और विश्वास लेकर आया है। सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी फसलों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण फैसले ले रही है। इसी क्रम में हाल ही में प्रदेश सरकार ने सरसों की फसल को भी भावांतर भुगतान योजना में शामिल करने का निर्णय लेकर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। इससे पहले सोयाबीन फसल पर भावांतर योजना का लाभ दिलाकर सरकार ने किसानों के हित संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया था, वहीं अब सरसों उत्पादक किसानों को भी इस योजना से जोड़ा जाना कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश सरकार के इस निर्णय से खासतौर पर रबी सीजन में सरसों की खेती करने वाले किसानों में उत्साह और संतोष का वातावरण देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें अक्सर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था, लेकिन भावांतर योजना के माध्यम से अब उन्हें न्यूनतम मूल्य की सुरक्षा मिल सकेगी। सीहोर जिले के ग्राम मगरखेड़ा निवासी सरसों उत्पादक किसान श्री भानूप्रताप मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझते हुए लगातार निर्णय ले रही है। उन्होंने बताया कि सरसों को भावांतर योजना में शामिल किया जाना किसानों को उचित दाम दिलाने वाला फैसला है, जिससे खेती को मजबूती मिलेगी और किसानों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

किसानों का मानना है कि वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित करना केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं बल्कि कृषि को केंद्र में रखकर विकास की नई दिशा तय करने का प्रयास है। सिंचाई, फसल संरक्षण, समर्थन मूल्य और बाजार सुरक्षा जैसे विषयों पर सरकार की सक्रियता से खेती लाभकारी बनने की ओर अग्रसर है। किसान श्री भानूप्रताप मेवाड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार खेती को घाटे का सौदा नहीं बल्कि सम्मानजनक और लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

# पुलिस तुम्हारी बाप है... मुनीम की आँखों के सामने सोना बना पत्थर

**SP अंकित जायसवाल ने किया सनसनीखेज खुलासा**





**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** तुम जितना सोचते हो ना, पुलिस तुम्हारी बाप है... पुलिस तो तुम्हें देख रही थी कि तुम क्या हो! यह कड़क अंदाज था नीमच कैंट थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी का, जिन्होंने अपनी सूझबूझ से एक शातिर मुनीम के फर्जीवाड़े की धज्जियां उड़ा दीं। 12 लाख रुपये के सोने की चोरी का झूठा नाटक रचने वाले मुनीम को पुलिस ने उसी के जाल में फंसाकर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

SP अंकित जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खोला राज -पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल, एएसपी नवल सिंह सिसोदिया, सीएसपी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस पूरे मामले का विस्तार से खुलासा किया। एसपी ने बताया कि मंगलम ज्वेलर्स के मुनीम दिलखुश नागदा ने पुलिस को गुमराह करने के लिए मनगढ़ंत कहानी रची थी कि अज्ञात बदमाशों ने उसकी जेब से 65 ग्राम सोना पार कर दिया है। लेकिन साइबर सेल और कैंट पुलिस की टीम ने जब मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्य जुटाए, तो मुनीम खुद ही अपराधी निकला।

पत्थर वाली चाल और मुनीम की सिट्टी-पिट्टी गुम- पुलिस को जांच के दौरान वह जगह पता चल गई थी जहाँ मुनीम ने सोना छिपाया था। थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी ने वहां से चुपके से सोना निकाल लिया और डिब्बी में पत्थर के टुकड़े भर दिए। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि जब मुनीम पुलिस को वह जगह दिखाने ले गया, तो उसने बड़े विश्वास से डिब्बी निकाली, लेकिन अंदर पत्थर देख उसके होश उड़ गए। इसी दौरान टीआई अवस्थी ने उसे फटकार लगाते हुए कहा कि अपराधी चाहे कितना भी शातिर हो, पुलिस उससे हमेशा दो कदम आगे रहती है।

सराफा एसोसिएशन ने किया स्वागत, स्क्र ने नवाजा- पुलिस की इस त्वरित और पेशेवर कार्रवाई से खुश होकर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों का शाल-श्रीफल भेंटकर भव्य स्वागत किया और नीमच पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर तारीफ की।

वहीं, पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल ने इस कठिन मामले को सुलझाने वाली कैंट पुलिस टीम और साइबर सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। एसपी ने बेहतर समन्वय और बहादुरी के लिए टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

टीम की बड़ी सफलता - इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी, साइबर सेल प्रभारी प्रदीप शिन्दे, और उनकी टीम के आरक्षक लकी, सोनु, और अन्य साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के पास से 65 ग्राम शुद्ध सोना बरामद कर लिया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 12 लाख रुपये है।

# सम्पादकीय

## खुमैनी से खामेनेई तक की यात्रा, ईरान का त्रासदी भरा सफर

वर्ष 1979 में अयातुल्ला रुहेल्ला खुमैनी के नेतृत्व में ईरान एक राजशाही से मजहबी गणराज्य में परिवर्तित हुआ, लेकिन उनके उत्तराधिकारी अयातुल्ला अली खामेनेई के शासनकाल में स्थिति और बिगड़ गई। इन 46 वर्षों में ईरानी समाज का सफर कट्टरपंथी इस्लामवाद, परोक्ष युद्ध, जनता की कीमत पर अत्यधिक सैन्य खर्च, पश्चिम एवं यहूदी विरोधी विचारधाराओं और गहरी जड़ें जमा चुकी स्त्री-द्वेषी संस्कृति से भरा रहा। इसने आधी आबादी का दम घोंटा और ईरान को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग किया। उसके सामाजिक ताने-बाने को भी खोखला किया। इस पतन की नींव 1979 की ईरानी क्रांति में पड़ी, जिसने शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर खुमैनी को सर्वोच्च नेता बनाया।

खुमैनी ने एक ऐसी व्यवस्था स्थापित की, जहां मजहबी सत्ता ने लोकतांत्रिक इच्छा को पीछे छोड़ दिया और मजहबी तंत्र को लोकलुभावन बयानबाजी के साथ मिला दिया। यह महज राजनीतिक बदलाव नहीं, एक सामाजिक उथल-पुथल थी, जिसने ईरानी जीवन के हर पहलू में कट्टरता का संचार कर दिया। 1989 में सलमान रुश्दी के खिलाफ खुमैनी का फतवा इसी कट्टरता का उदाहरण था, जिसने साहित्यिक आलोचना को हत्या के वैश्विक आह्वान में बदल दिया और ईरान को वैचारिक आतंक के निर्यातक के रूप में स्थापित कर दिया।

ईरान ने परोक्ष आतंकवाद को विदेश नीति के एक अंग के रूप में अपनाया। 1980 के दशक में ईरान ने इजरायली और पश्चिम का मुकाबला करने के लिए लेबनान में हिजबुल्ला की स्थापना कर उसे पैसा, हथियार और प्रशिक्षण दिया। यह कथित क्रांति के निर्यात की एक सोची-समझी रणनीति थी। खुमैनी ने कहा था कि इस्लाम का प्रसार तब तक आवश्यक है, जब तक कि 'अल्लाह के सिवा कोई ईश्वर नहीं है' का नारा विश्व भर में गूंज न उठे।

1989 में जब खामेनेई ने सत्ता संभाली तो उग्रवाद और तीव्र हो गया। उनके शासनकाल में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आइआरजीसी) ने कुद्स फोर्स का विस्तार किया। एक समय ईरान इराक में शिया मिलीशिया, गाजा में हमास और सीरिया में असद शासन का समर्थन करने के साथ ही भारी खर्च कर रहा था। अक्टूबर 2024 में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए मिसाइल हमले तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिये की हत्या के प्रतिशोध में किए गए। इससे परोक्ष आतंकवाद प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया। दिसंबर 2024 में असद के पतन से ईरान को झटका लगा, फिर भी खामेनेई शासन ने अपना रुख नहीं बदला। उनकी रणनीति ने युद्धों को लंबा खींचा, लाखों को विस्थापित किया और ईरान को अछूत देश बना दिया।

हथियारों पर केंद्रित रहना ईरान के लिए विनाशकारी साबित हुआ। क्रांति के बाद ईरान की तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्था को सैन्य शक्ति की ओर मोड़ दिया गया। खामेनेई के शासनकाल में सैन्य खर्च में भारी वृद्धि हुई। 2005 में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए यूरेनियम संवर्धन शुरू किया गया। इस कारण अमेरिका के साथ वार्ता रुक गई। कड़े आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया। मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण हालात खराब हुए। इससे गरीबी बढ़ी और लाखों कुशल कामगारों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ।

पश्चिम और यहूदी विरोध ही ईरानी की मजहबी सत्ता को टिकाए रखने वाली वैचारिक धुरी बनी रही। खुमैनी ने अमेरिका को 'बड़ा शैतान' करार देते हुए 1979-1981 के बंधक संकट के बाद उससे संबंध ही तोड़ लिए। खामेनेई ने खुमैनी के उन्मादी रवैये को और आगे बढ़ाया। ईरान इजरायल का नाम लेने के बजाय उसे 'जायोनी सत्ता' बताता है। वह फलस्तीन के लिए लड़ रहे हमास जैसे समूहों को समर्थन देते हुए गाजा के 90 प्रतिशत बजट का प्रबंध भी करता है। ईरान में ठीक-ठाक संख्या वाले यहूदियों की आबादी लगातार सिमट रही है। जो बचे हैं, वे भी प्रतिबंधों के शिकार हैं।

कहने को तो इस्लामी मानकों के अनुरूप बना संविधान महिलाओं को बराबरी के दर्जे की बात करता है, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। आधी आबादी का संस्थागत दमन होता है। महिलाओं की गवाही का प्रभाव पुरुषों की तुलना में आधा माना जाता है। महिलाओं के जीवन का मोल भी आधा है।

# महाराष्ट्र का सौंदलाः जाति की छाया से मुक्ति का नया अध्याय

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर ज़िले का छोटा सा सौंदला गांव इन दिनों देशभर की निगाहों में है—ना किसी बड़ी सरकारी योजना की वजह से, ना किसी उद्योगपति की निवेश घोषणा से, और ना ही चुनावी हलकों की हलचल के कारण। यह गांव सुर्खियों में है अपने अडिग नैतिक साहस और समाज सुधार की अनोखी पहल के चलते। सौंदला ने खुद को 'कास्ट-फ्री' घोषित कर दिया है—यानी अब यहां इंसान की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म और चरित्र से होगी। गांववासियों ने इसे अपनी शक्ति का मंत्र बना लिया है: ÷आमची जात, मानव÷। ऐसे समाज में, जहां जाति सदियों से लोगों की तक़दीर गढ़ती रही है, सौंदला का यह कदम एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रहा है। यह केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि एक सजीव सामाजिक क्रांति की शुरुआत है। सौंदला की इस ऐतिहासिक घोषणा के पीछे कोई अचानक उमड़ा जोश नहीं है, बल्कि यह सालों की संवाद प्रक्रिया, गहन विचार-मंथन, पंचायत बैठकों और युवा पीढ़ी की बेचैनी का परिणाम है। गांव के शिक्षित युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रगतिशील बुजुर्गों ने मिलकर महसूस किया कि जातिगत भेदभाव विकास की सबसे बड़ी बाधा है। शादी-ब्याह, धार्मिक आयोजन, सार्वजनिक समारोह और यहां तक कि रोजमर्रा के व्यवहार में भी अदृश्य दीवारें खड़ी थीं। इन दीवारों को तोड़ने के लिए पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित किया गया, ग्रामसभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया और सार्वजनिक रूप से घोषणा की गई कि अब गांव में किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

यह निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं है। सौंदला में जाति सूचक उपनामों के उपयोग को हतोत्साहित किया गया, सामूहिक भोज और सार्वजनिक कार्यक्रमों में सभी को समान पंक्ति में बैठकर भोजन करने की परंपरा शुरू की गई, और मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर समान प्रवेश सुनिश्चित किया गया। पंचायत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई जाति के आधार पर अपमान, बहिष्कार या भेदभाव करेगा, तो उसके खिलाफ सामाजिक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार गांव ने सामाजिक सुधार को केवल भाषणों तक सीमित न रखकर व्यवहार में उतारने का साहस दिखाया है।

भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस समानता और सामाजिक न्याय का सपना देखा था, सौंदला की पहल उसी सपने की धरातलीय अभिव्यक्ति प्रतीत होती है।

संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है और अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को समाप्त घोषित करता है, परंतु कागजों पर लिखे अधिकारों को वास्तविक जीवन में लागू करने की जिम्मेदारी समाज की ही होती है। सौंदला ने यह स्पष्ट कर दिया कि बदलाव केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक इच्छाशक्ति और मानसिकता परिवर्तन से आता है। यहां के लोगों ने यह स्वीकार किया कि जब तक मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी सरकारी योजना या आरक्षण नीति का पूरा लाभ समाज को नहीं मिल पाएगा।

इस पहल का सबसे सकारात्मक पक्ष यह है कि गांव में सामाजिक सौहार्द और आर्थिक सहयोग की भावना पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। पहले जहां जातिगत खांचे विकास योजनाओं में भी बाधा बनते थे, अब सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो गई है। किसान एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आ रहे हैं, युवा मिलकर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, और महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। जाति की दीवारें गिरने से संवाद का दायरा बढ़ा है और आपसी विश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

सौंदला का यह कदम अन्य गांवों और कस्बों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन सकता है। महाराष्ट्र जैसे प्रगतिशील राज्य में, जहां समाज सुधार आंदोलनों की समृद्ध परंपरा रही है—चाहे वह फुले दंपति का शिक्षा आंदोलन हो या डॉ. भीमराव अंबेडकर का सामाजिक न्याय अभियान—सौंदला ने उसी विरासत को नए संदर्भ में आगे बढ़ाया है। यदि राज्य के अन्य गांव भी ग्रामसभा के माध्यम से ऐसे प्रस्ताव पारित करें और जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ सामूहिक संकल्प लें, तो यह परिवर्तन एक व्यापक सामाजिक लहर का रूप ले सकता है।

यदि केंद्र और राज्य सरकारें, एनजीओ और नागरिक समाज सौंदला की इस पहल का समर्थन करें, तो यह कहानी सैकड़ों और लाखों गांवों तक प्रेरणा के रूप में पहुँच सकती है। इसे स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है, ताकि बच्चे समझ सकें कि कैसे एक छोटा गांव सदियों पुरानी जंजीरों को तोड़ सकता है और समानता व सामाजिक न्याय की दिशा में पहला ठोस कदम उठा सकता है। यह अम्बेडकर जी के सपनों को जीवंत बनाने का साधन बन सकता है।

यह पहल उन युवाओं के लिए संदेश है जो जो अब जातिगत बंधनों और पूर्वाग्रहों से थक चुके हैं, उन महिलाओं के लिए जो दोहरे भेदभाव का बोझ उठाती हैं, और उन बच्चों के लिए जो स्वतंत्र और बराबरी के साथ बड़ा होना चाहते हैं। सौंदला ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बदलाव बड़े आंदोलन या सरकारी दबाव से नहीं, बल्कि स्थानीय संकल्प, सामूहिक इच्छा और जागरूक समुदाय से आता है। जब लोग खुद यह तय करें कि वे अन्यायपूर्ण परंपराओं को नहीं अपनाएँगे, तभी बदलाव सच्चा, स्थायी और समाज में गहरा असर डालने वाला बनता है।

हालांकि, यह भी सच है कि केवल घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इस संकल्प को आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रखा जाए। बच्चों की शिक्षा में समानता, स्कूलों में भेदभाव रहित वातावरण, अंतरजातीय मित्रता और विवाह को सामाजिक स्वीकार्यता—ये सभी पहलू इस आंदोलन की सफलता तय करेंगे। यदि सौंदला इन क्षेत्रों में भी ठोस कदम उठाता है, तो यह मॉडल पूरे देश के लिए उदाहरण बन सकता है। सामाजिक सुधार का अर्थ केवल परंपराओं को नकारना नहीं, बल्कि नई मानवीय परंपराओं का निर्माण करना है।

सौंदला ने यह साबित कर दिया कि परिवर्तन की चिंगारी गांव की चौपाल जैसी छोटी जगह से भी भड़क सकती है। 'कास्ट-फ्री' बनने का यह साहस केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि उस भारत का प्रतिबिंब है, जो समानता, बंधुत्व और मानव गरिमा के अटूट मूल्यों पर खड़ा होना चाहता है। अब समय है कि यह अलख हर गांव, हर मोहल्ले और हर दिल तक पहुंचे और समाज को यह सिखाए—जहाँ जाति की दीवारें गिरें, वहीं इंसानियत का सूरज उगे, और हर व्यक्ति अपने कर्म और चरित्र से असली पहचान बनाएं। सौंदला ने बीज बो दिया है, हम इसे वटवृक्ष बनाएं।

**-प्रो. आरके जैन**

## ईरान-इजरायल युद्ध के बाद विश्व के सामने नया संकट

ईरान के खिलाफ इजरायल-अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई फिलहाल किसी नतीजे पर पहुंचती नहीं दिख रही है। न तो इजरायल-अमेरिका के हमले थम रहे हैं और न ही ईरान की जवाबी कार्रवाई। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि ईरान वार्ता के लिए राजी हो गया है, पर ईरानी नेता इससे साफ इन्कार कर रहे हैं। कहना कठिन है कि यह सैन्य टकराव कब और कैसे खत्म होगा, क्योंकि इसके आसार नहीं कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत से वहां सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित हो गया है।

ईरान फिलहाल भले ही नेतृत्व विहीन सा दिख रहा हो, लेकिन उसकी सेना और विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर अपने कदम पीछे खींचने के लिए तैयार नहीं। वह इजरायल और अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाने के साथ खाड़ी के देशों के नागरिक क्षेत्रों में भी ड्रोन और मिसाइलें दाग रही है। इससे इन देशों में अफरा-तफरी का माहौल है। पता नहीं ईरान पड़ोसी देशों के नागरिक ठिकानों को किस मकसद से निशाना बना रहा है, क्योंकि इससे वह अपने विरोधी तो बढ़ा ही रहा है, पहले से अधिक अलग-थलग भी पड़ता जा रहा है।

ईरान जिस तरह ऊर्जा आपूर्ति के मार्गों और विशेष रूप से होर्मुज जल मार्ग के लिए खतरे पैदा कर रहा है, उससे तेल और गैस की आपूर्ति पर असर पड़ना शुरू हो गया है।

यह समुद्री जल मार्ग लगभग 25 प्रतिशत तेल और 30 प्रतिशत एलएनजी आपूर्ति का रास्ता है, जो इसे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनाता है। इस जल मार्ग के बाधित होने का मतलब है तेल और गैस के दाम बढ़ना और एशिया, यूरोप समेत दुनिया के अन्य हिस्सों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होना।

यह ध्यान रहे कि तेल के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं।

यदि वे इसी तरह बढ़ते रहे तो पहले से ही अनिश्चितता से गुजर रही विश्व अर्थव्यवस्था का संकट और बढ़ जाएगा।

इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ही जिम्मेदार होंगे, क्योंकि यह एक तथ्य है कि इजरायल अमेरिका की सहमति और सहायता के बिना ईरान पर हमला बोलने की स्थिति में नहीं था। इस विनाशकारी सैन्य टकराव का केंद्र बिंदु भले ही पश्चिम एशिया हो, लेकिन उससे पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। कठिनाई यह है कि कोई भी बीच-बचाव करने की स्थिति में नहीं।

यह सैन्य संघर्ष जितनी जल्दी थमे, उतना ही पश्चिम एशिया समेत विश्व के लिए अच्छा, लेकिन इसकी सूरत तब बनेगी, जब दोनों पक्ष यह समझेंगे कि वे अपनी ही नहीं चला सकते। ईरान भले ही इजरायल-अमेरिका को सबक सिखाने का दम भर रहा हो, लेकिन वह इन दोनों देशों की सैन्य शक्ति का लंबे समय तक सामना करने की स्थिति में नहीं। इसी तरह अमेरिका और इजरायल के लिए यह आसान नहीं कि वे ईरान में आनन-फानन सत्ता परिवर्तन कर सकें।

**-धनंजय राजौरा**

# कट्टरता से लड़ना इतना कठिन क्यों?

कट्टरता और विशेष रूप से मजहबी कट्टरता और कुरीतियों के खिलाफ लड़ना कभी भी आसान नहीं रहा। कट्टरता के खिलाफ लड़ाई लड़ने वालों को कई बार जान से भी हाथ धोना पड़ा है। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में रहने वाले सलीम अहमद इन दिनों जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं, क्योंकि पिछले दिनों उन पर प्राणघातक हमला हुआ। यह हमला इसलिए हुआ, क्योंकि सलीम मजहबी कट्टरता के खिलाफ खुलकर बोलते हैं और इस्लाम की उन मान्यताओं की आलोचना करते हैं, जो उनकी समझ से न तो आज के युग के अनुकूल हैं, न सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य हैं और न ही सह-अस्तित्व में सहायक हैं।

इस्लाम का परित्याग करने के कारण सलीम अपने को एक्स मुस्लिम कहते हैं। वे नास्तिक सम्मेलनों का आयोजन करते रहे हैं और खुद को नास्तिक की तर्ज पर वास्तिक कहते हैं। वे अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं, जिसमें मजहबी कट्टरता और कुरीतियों से मुक्ति के उपायों पर चर्चा करते हैं। वे ऐसे एकलौते शख्स नहीं। दुनिया में खुद को एक्स मुस्लिम कहने वालों की कमी नहीं।

इस्लामी देशों में भी एक्स मुस्लिम तेजी से बढ़ रहे हैं। यूरोप और अमेरिका में तो उनके संगठन बने हुए हैं और वे अपनी गतिविधियों को एक्स मुस्लिम मूवमेंट की संज्ञा देते हैं। यह आंदोलन भारत में भी दस्तक दे चुका है और केरल के एक्स मुस्लिमों यानी इस्लाम छोड़ चुके लोगों ने अपना संगठन बना रखा है। यह यही बताता है कि भारत में एक्स मुस्लिम मूवमेंट जोर पकड़ रहा है। भारत के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के भी कई एक्स मुस्लिम विदेश में सक्रिय हैं। इस्लामी देशों में सबसे अधिक एक्स मुस्लिम संभवतः ईरान में हैं। इसका कारण वहां हद से ज्यादा इस्लामी कट्टरता होना है।

किसी भी समाज में जब मजहबी-पंथिक कट्टरता हद से अधिक बढ़ जाती है तो उससे आजिज आए लोग उसके खिलाफ आवाज उठाने लगते हैं। ऐसे कई लोग या तो नास्तिक बन जाते हैं या फिर एग्नास्टिक (अज्ञेयवादी) यानी ऐसे, जो इसे लेकर सुनिश्चित नहीं होते कि ईश्वर, अल्ला, गाड आदि है या नहीं? एक समय भारत में इक्का-दुक्का घोषित एक्स मुस्लिम थे, लेकिन आज उनकी गिनती करना कठिन है। इनमें से कई अपने यूट्यूब चैनल चलाते हैं और कभी-कभार सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी भागीदारी करते हैं।

पहले वे अपनी पहचान और चेहरा छिपाकर रखते थे, लेकिन आज कई ऐसे हैं, जो इसकी आवश्यकता नहीं समझते। सलीम वास्तिक भी ऐसे लोगों में हैं। निःसंदेह अपनी पहचान उजागर कर मजहबी कट्टरता के खिलाफ बोलने वाले एक्स मुस्लिम कम ही हैं, क्योंकि उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बना रहता है। उन्हें जान से मारने और सीधे तौर पर कहें तो सिर तन से जुदा करने की धमकियां मिलती रहती हैं। सलीम वास्तिक को भी ऐसी ही धमकियां मिल रही थीं, लेकिन वे धमकियों से डरने वाले लोगों में से नहीं थे। पहलगाम में मजहब पूछकर लोगों की हत्या के बाद सलीम अपने कुछ साथियों के साथ कश्मीर पहुंच गए थे। वहां वे मजहबी कट्टरता के खिलाफ अपनी बात तब तक बेबाकी से कहते रहे, जब तक कुछ कट्टरपंथियों की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार नहीं कर लिया। पुलिस ने उनका और उनके साथियों के यूट्यूब चैनल डिलीट कर दिए, लेकिन वहां से लौटने के बाद वे नए यूट्यूब चैनल के साथ फिर से अपने मिशन में लग गए। उन्हें फिर से धमकियां मिलने लगीं और पिछले शुक्रवार जीशान और गुलफाम नाम के दो भाइयों ने उनके घर जाकर धारदार हथियारों से उनका गला रेतने की कोशिश की। रमजान का महीना और शुक्रवार के दिन ही गला रेतने के कृत्य पर गौर करें। हमलावर पिस्टल से लैस थे, लेकिन उन्होंने सलीम का गला रेतना और उन्हें निशाना बनाने के लिए शुक्रवार का चयन करना आवश्यक समझा। इसलिए समझा, क्योंकि वे एक तो उन मजहबी मान्यताओं पर यकीन रखते थे कि इस्लाम छोड़ने वालों की सजा मौत है और दूसरे, वे पाकिस्तान में गूंजते रहने वाले इस खौफनाक नारे के असर में रहे-गुस्ताखे रसूल की एक ही सजा-सिर तन से जुदा। अब यह नारा भारत में जब-तब न केवल सुनाई देता है, बल्कि कुछ लोगों की ईशनिंदा यानी कथित गुस्ताखी में गला रेत कर हत्या भी की जा चुकी है, जैसे कमलेश तिवारी, कन्हैया लाल और उमेश कोल्हे। सलीम वास्तिक को निशाना बनाने वालों ने यह सोचा होगा कि उनकी यह खौफनाक हरकत देश के एक्स मुस्लिमों में भय पैदा करेगी और वे उनकी आवाज दबा देंगे, लेकिन अब होगा यह कि लोग और खासकर युवा मुस्लिम भी यह जानने के लिए उत्सुक होंगे कि आखिर सलीम वास्तिक क्या कहते थे और लोग एक्स मुस्लिम क्यों बन रहे हैं?

**-डॉ. सुधाकर आशावादी**

## परा आध्यात्मिक युग का सूत्रपात करता है सहजयोग



सहज योग परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित एक ऐसा योग है जिसमें हमारे त्रिकोणाकार अस्थि में साढे तीन कुंडल में बैठी कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है, मध्य नाड़ी के माध्यम से उपर की ओर उठती है और छः चक्रों को संतुलित करते हुये सातवें चक्र सहस्त्रार चक्र का भेदन करती है, तब साधक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करता है।

आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना सरल है, इसे पाने की पात्रता सिर्फ यही है कि हम इसे पाने की शुद्ध इच्छा करें। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होने की अनुभूति साधक को तत्क्षण हो जाती है, साधक यह महसूस भी करता है कि उसे ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश मिल चुका है। उसके बाद यह साधक की इच्छा पर निर्भर रहता है कि वह इस योग की गहनता प्राप्त करने हेतु कितना समर्पित हो सकता है। हम जितना ध्यान करेंगे, समर्पण भाव रखेंगे, उतनी हम गहनता पायेंगे। हम स्वयं को स्वस्थ रख पायेंगे और औरों को भी चैतन्य के माध्यम से स्वस्थ रख सकेंगे। भूतकाल खत्म हो चुका है, भविष्य मौजूद नहीं है अतः हमें वर्तमान का आनंद मनाना है, जो वास्तविकता है और यही सहज योग की विशेषता है। सहज योग से जुड़ने के बाद हम जान पाते हैं कि परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी सहस्त्रार चक्र की स्वामिनी हैं। आदिशक्ति के रुप में अपने इस अवतरण में वे सभी दिव्य गुणों को अपने अंदर समन्वित की हुई है और सदैव मुख्य स्त्रोत के रुप में क्रियाशील रहती है। श्री माताजी का जन्म 21 मार्च, 1923 को छिंदवाड़ा, भारत में हुआ था। 5 मई 1970 को श्री माताजी ने भारत के नारगोल, गुजरात के समुद्र के किनारे बैठकर सामुहिक सहस्त्रार खोला। वे सच्चे साधकों को और अधिक भटकते देखना सहन नहीं कर पा रही थी। मानव को उत्थान प्राप्त हो, वे आध्यात्मिक उत्क्रांति पाये यही श्री माताजी का उद्देश्य था। एक साल बाद 1971 में श्री माताजी ने मुट्ठी भर लोगों से आत्मसाक्षात्कार देना शुरू किया और यहीं सहज योग का जन्म हुआ। लोगों को आध्यात्मिक जागृति देने के लिए श्री माताजी ने पूरे संसार का भ्रमण किया। श्री माताजी का यह कार्य समस्त सहज योगी के लिए वरदान रहा। हर सहज योगी के पुनर्जन्म का मार्ग खुल गया। सहस्त्रार चक्र के खुलते ही ईश्वरीय साम्राज्य में साधक प्रवेश पाता है। आत्मिक उत्थान के लिए आवश्यक है कि साधक का सहस्त्रार चक्र खुला रखना है, पर यह कैसे संभव है? यह प्रश्न बहुत ही सहजता से साधक के मन में आता है।

यह आसान है इस संबंध में श्री माताजी कहती हैं, आपको पूरी तरह से, पूर्ण रुप में मुझे समर्पित होना होगा। यदि आपको लगता है आपका सहस्त्रार अब तक नहीं खुला है, तब आपको क्षमा मांग लेनी है। आपको कहना है, यदि मैंने कुछ गलत किया है तो कृपया मुझे क्षमा कर दें, तब आप ठंडी चैतन्य लहरियां महसूस करेंगे।

दरअसल सहस्त्रार चक्र नीचे के छः चक्रों का संयोजन है वह एक शून्य स्थान है, जिसके अगल बगल एक हजार नाड़ियां हैं। और जब कुंडलिनी शक्ति लिम्बिक क्षेत्र में प्रवेश करती है, तब ये नाड़ियां प्रकाशित हो जाती है और वो ज्वाला सी महसूस होती है, कोमल स्थिर ज्वाला, इंद्रधनुष के सात रंगों में और अंत में ज्वाला एकीकृत होती है, और स्फटिक की स्पष्ट ज्वाला सी बन जाती है। सभी सात चक्र स्फटिक की तरह स्पष्ट हो जाते हैं, ये जब सहस्त्रार में एकीकृत होते हैं तब सहस्त्रार प्रकाशित होता है।

# आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 का रजिस्ट्रेशन 5 मार्च से शुरू; परीक्षा 7 जून को होगी

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) ने आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आईएटी शैक्षिक वर्ष 2026-27 के लिए सभी आईआईएसईआर कैंपस के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एकमात्र और अनिवार्य परीक्षा है। ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथि 5 मार्च 2026 (गुरुवार) है और एप्टीट्यूड टेस्ट 7 जून 2026 (रविवार) को होगा।




विज्ञान पढ़ने के इच्छुक उम्मीदवार इस अनिवार्य एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इस परीक्षा से सभी 7 आईआईएसईआर कैंपस में किसी में भी विश्वस्तरीय शोध एवं प्रशिक्षण का प्रवेश द्वार खुल जाएगा। आईआईएसईआर की स्थापना भारत सरकार ने उच्च गुणवत्ता के साथ आधारभूत विज्ञान की शिक्षा और शोध संवर्धन के लिए किया। ये देश के प्रमुख स्वयात्त शिक्षा संस्थान हैं।

आईआईएसईआर बरहामपुर, आईआईएसईआर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरुपति - किसी भी आईआईएसईआर में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट https://www.iiseradmission.in/ पर साल 2026 के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। वेबसाइट पर परीक्षा केंद्र के विवरण भी दिए जाएंगे।

आईएटी 2026 की पूरी प्रवेश प्रक्रिया में उम्मीदवारों की सहायता के लिए एक हेल्पडेस्क (टेली. 91 7205457461 (कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच); ईमेलः askjacw2026iiserbpr.ac.in) का प्रावधान किया गया है।

प्रो. गोवर्धन दास, निदेशक, आईआईएसईआर भोपाल ने कहा, ÷आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट एक प्रवेश परीक्षा से बढ़ कर आईआईएसईआर भोपाल के डायनामिक रिसर्च इकोसिस्टम का प्रवेश मार्ग है। हमारा कैंपस विद्यार्थियों को नई जानकारियां हासिल करने, परीक्षण और सर्जना करने की प्रेरणा देता है। आईआईएसईआर भोपाल कई खूबियों की वजह से खास है, जैसे यहां साइंस, इंजीनियरिंग, इकोनॉमिक्स और ह्यूमैनिटीज़ का अनोखा तालमेल है। श्रेष्ठ शिक्षा का इंटरडिसिप्लिनरी परिवेश है। यह शिक्षा के अलावा कैंपस लाइफ के ज़रूरी स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज़ को बढ़ावा देता है। खेल का अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सभी सुविधाएं देता है। कुल मिला कर विद्यार्थियों का मानसिक और शारीरिक विकास में पूरा योगदान देता है।

आईआईएसईआर के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बहुत अच्छे रहे हैं। पूरी दुनिया के टॉप ग्लोबल फर्मों, रिसर्च इंस्टिट्यूशन्स और पीएचडी प्रोग्राम्स में आईआईएसईआर के ग्रेजुएट्स अपनी जगह बना रहे हैं। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्री कोलेबोरेशन और इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम के माध्यम से सीखने के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। उनके लिए शिक्षा जगत, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में अच्छा करियर बनाना आसान होता है।

आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 'सर्वोपरि विज्ञान' का मार्ग प्रशस्त करता है। यह इसे खास पहचान देता है। विद्यार्थियों को उनकी विशेषज्ञता का विषय चुनने से पहले कई विषयों को जानने का अवसर देता है। प्रवेश परीक्षा में सफल आवेदकों को एक वाइब्रेंट कम्युनिटी मिलती है, जहां बायोलॉजिकल, केमिकल, मैथमेटिकल, फिजिकल और अर्थ साइंसेज में अत्याधुनिक शोध हो रहे हैं।

आईआईएसईआर के विद्यार्थियों को रिसर्च, कॉन्सेप्चुअल ट्रेनिंग, इंटरडिसिप्लिनरी और हायर स्टडीज़ (एमएस/पीएचडी) के लिए अधिक फ्लेक्सिबिलिटी और फिर आर एण्ड डी, एकेडेमिया, डीप टेक और साइंटिफिक इनोवेशन में करियर के लिए बेहतर अनुकूलन का दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

आईएटी 2026 के लिए योग्यता मानक- आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 में आवेदन के लिए उम्मीदवार का साइंस स्ट्रीम में कक्षा 12/समकक्ष परीक्षा या न्यूनतम 3 साल का डिप्लोमा प्रोग्राम (2024, 2025 या 2026 में) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों (एससी/एसटी/पीडब्ल्यू के लिए 55 प्रतिशत) के साथ पास होना अनिवार्य है। यह आकलन सभी विषयों को ध्यान में रख कर किया गया हो।

उम्मीदवार ने बायोलॉजी, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स और फिजिक्स में से कम से कम तीन विषयों की पढ़ाई की हो। आईआईएसईआर कोलकाता के बीएस-एमएस कम्प्यूटेशनल और डेटा साइंस प्रोग्राम, आईआईएसईआर भोपाल के बी.टेक./बीएस इकोनॉमिक साइंस प्रोग्राम और आईआईएसईआर तिरुपति के बीएस इकोनॉमिक और स्टैटिस्टिकल साइंस प्रोग्राम के लिए मैथमेटिक्स अनिवार्य है।

विशेष सूचना - दिसंबर 2023 के जेकेबीओएसई कश्मीर/लद्दाख के विद्यार्थियों को 2024 में पास माना जाएगा; कश्मीरी माइग्रेंट्स अपने डोमिसाइल सर्टिफिकेट अपलोड करें; आरक्षण भारत सरकार की नीतियों के अनुसार उपलब्ध हैं। (एससी 15 प्रतिशत, एसटी 7.5 प्रतिशत, ओबीसी-एनसीएल 27 प्रतिशत, पीडब्ल्यूडी 5 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस 10 प्रतिशत तक, कश्मीरी माइग्रेंट्स के लिए सुपरन्यूमरेरी)।

उम्मीदवार नीचे दिए गए स्टेप्स अनुसार आईएटी 2026 में आवेदन करें -

स्टेप 1 - आईआईएसईआर एडमिशन 2026 के लिए वेबसाइट https://iiseradmission.in/ पर जाएं।

स्टेप 2 - होमपेज पर 'अप्लाई फॉर आईएटी-2026' पर जाएं

स्टेप 3 - अगले पेज पर रजिस्टर कर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें

स्टेप 4 - सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन के बाद अनिवार्य डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और उचित राशि भुगतान कर आवेदन पत्र पूरा भरें।

उम्मीदवार सभी विवरण सही से और ध्यानपूर्वक दें। आवेदन पत्र सबमिट करने के बाद विवरण नहीं बदल सकते हैं।

### महत्वपूर्ण तिथियां

5 मार्च 2026 - एप्लीकेशन पोर्टल खुलेगा
13 अप्रैल 2026 - एप्लीकेशन पोर्टल बंद होगा
16-18 अप्रैल 2026 - एप्लीकेशन फॉर्म में करेक्शन
24 मई 2026 - एग्जाम हॉल टिकट जारी होगा
7 जून 2026 - आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 परीक्षा की तिथि (सुबह 9ः00 बजे - दोपहर 12ः00 बजे आईएसटी)

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि किसी अपडेट के लिए नियमित रूप से ऑफिशियल एडमिशन पोर्टल देखें - https://www.iiseradmission.in/#admission_important_dates

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) का संक्षिप्त परिचय

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) विज्ञान की शिक्षा और शोध दोनों क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने के अपने मजबूत इरादों के लिए मशहूर हैं। ये संस्थान बरहमपुर, भोपाल, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरुवनंतपुरम और तिरुपति में हैं। इन संस्थानों में शिक्षा का अद्वितीय परिवेश है जहां विभिन्न विषयों के तालमेल से सीखने और शोध करने को बढ़ावा दिया जाता है। अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, शोध केंद्र और कैंपस का प्रगतिशील माहौल है। इस तरह आईआईएसईआर अपने विद्यार्थियों को नई खोज, इनोवेशन और शैक्षिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# पुलिस के हाथ बहुत लम्बे होते हैं, यूपी और बिहार से समन्वय कर 1100 किमी दूर से ऐसे धरा शातिर अपराधी



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास पुलिस ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि पुलिस के हाथ बहुत लम्बे होते हैं। देवास से सराफा व्यापारियों का सोना लेकर भागे बंगाली कारीगर को देवास पुलिस ने उत्तरप्रदेश और बिहार पुलिस से समन्वय कर शिकायत मिलने के कुछ ही घंटों में पकड़वा लिया। कारीगर बिहार पुलिस की नाकाबंदी में पकड़ा गया और सूचना मिलते ही देवास पुलिस की टीम भी देर रात बिहार के लिए रवाना हो गई।

सोमवार को देवास के सराफा व्यापारियों ने बंगाली कारीगर अफसर अली पुत्र अजगर अली के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत की थी। शुरूआती शिकायत में व्यापारियों ने बताया कि अफसर अली को आभूषण बनाने के लिए सोना दिया था और वह एक सप्ताह तक आनाकानी के बाद अचानक परिवार के साथ गायब हो गया है।

शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लिया और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर तुरंत जानकारी एसपी पुनीत गेहलोद को दी गई। एसपी ने उत्तरप्रदेश और बिहार की पुलिस से समन्वय कर आरोपित की संभावित लोकेशन के आधार पर नाकाबंदी करवाई। एडसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि आरोपित को देर रात बिहार पुलिस ने सासाराम क्षेत्र से पकड़ा है। उसे अभिरक्षा में ले लिया है और अग्रिम पूछताछ की जा रही है।

देवास पुलिस की टीम भी देर रात रवाना हो गई। देवास पुलिस ने लगभग 1100 किमी दूर नाकाबंदी करवाई गई, जिसके चलते रोहतास जिले के एक हाइवे पर वह पकड़ा गया। व्यापारियों ने सोमवार को मीडिया के सामने बताया था कि अफसर अली लगभग 1 किलो सोना लेकर फरार हुआ है।

हालांकि इस वजन को लेकर शुरूआत से ही संशय है। सूत्रों के अनुसार व्यापारियों ने सोने का जो वजन बताया था वह काफी ज्यादा है, जबकि आरोपित के पास काफी कम मात्रा में सोना मिला है। पूछताछ की जा रही है कि उसने सोना कहीं ओर ठिकाने लगाया है किसी अन्य को बेचा है।

शहर के सराफा बाजार में अफसर अली लगभग 35 वर्ष से आभूषण बनाने का काम करता था। सभी व्यापारियों को उसपर विश्वास था, जिसके चलते उसे ग्राहकों के आभूषण बनाने का काम दिया जाता था। 1 मार्च की मध्यरात्रि वह अपने परिवार के साथ कार व बाइक से अचानक फरार हो गया। आरोपित पर करीब 15 से 20 व्यापारियों और ग्राहकों का सोना ले जाने का आरोप है।

## देवास के व्यापारियों का सोना लेकर भागा बंगाली कारीगर बिहार में गिरफ्तार, 35 साल से कर रहा था काम

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के देवास के सराफा व्यापारियों का सोना लेकर भागे बंगाली कारीगर अफसर अली को बिहार पुलिस ने सोमवार को देर रात सासाराम से गिरफ्तार कर लिया। जल्द ही उसे देवास लाकर घटना के बारे में पूछताछ की जाएगी। उसे लेने के लिए देवास पुलिस की टीम रात में ही रवाना हो गई थी। दरअसल, अफसर अली पिछले 35 सालों से यहां रहकर आभूषण बनाने का काम कर रहा था, लेकिन सोमवार को अचानक परिवार के साथ गायब हो गया। व्यापारियों को उसके भागने की जानकारी मिली तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने तुरंत उत्तर प्रदेश और बिहार पुलिस से संपर्क कर संभावित लोकेशन पर नाकाबंदी करवाई।

# अमलतास विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों ने मनाया रंगारंग होली महोत्सव



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रंगों का त्योहार होली जब खुशियों की बयार बनकर हर मन को रंग देता है, तब दिव्यांग बच्चों की मुस्कान और उमंग इसे और खास बना देती है। अमलतास विशेष विद्यालय में इस बार की होली कुछ अलग रही यह सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि उम्मीदों, प्रेरणाओं और समाज सुधार के संकल्पों का उत्सव बना।

अमलतास विशेष विद्यालय के प्रांगण में जब रंग-बिरंगे फूलों और गुलाल से होली खेली गई, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति भावविभोर हो गया। इन बच्चों ने अपनी मासूमियत और उत्साह से यह साबित कर दिया, कि सच्ची खुशी किसी भी शारीरिक सीमाओं की मोहताज नहीं होती। उनका उल्लास देखकर कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो गया।

विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. भारती लाहोरिया ने कहा, कि रंगों का यह पर्व हमें प्रेम, समानता और समावेशिता का संदेश देता है। हमारे विशेष बच्चे अपनी अनोखी प्रतिभा से इस दुनिया को और खूबसूरत बनाते हैं, और हमें उन पर गर्व है।आइए, इस होली पर हम प्रेम, संवेदनशीलता और समझ के रंग भरें।

इस आयोजन में अमलतास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत, कुलसचिव संजय रामबोले, प्रबंधक डॉ. मनीष शर्मा, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण एवं मनोरोग विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भाग लिया। सभी ने दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन महोदय ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह उत्सव सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि दिव्यांग बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह का भी प्रतीक है।

# खनिज मद की कार्ययोजना में कृषि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें - कलेक्टर




**रीवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला खनिज मद की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला खनिज मद की आगामी वार्षिक कार्ययोजना में कृषि विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें। वर्तमान वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। खनिज मद की कार्ययोजना में जिले के आकांक्षी विकासखण्डों जवा और सिरमौर में कृषि विकास, मछलीपालन तथा उद्यानिकी के विकास के प्रावधानों को शामिल करें। संबंधित अधिकारी विस्तृत कार्ययोजना के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इसके साथ-साथ छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के भी प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल करें। गत वर्षों में खनिज मद से स्वीकृत अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरे कराएं। मनरेगा योजना तथा सुदूर ग्राम सड़क योजना में भी खनिज मद से कन्वर्जेंस के प्रस्ताव शामिल करें। इन प्रस्तावों में ग्राम पंचायत की सहमति आवश्यक होगी।

कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार तथा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार से जुड़े कार्यों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह ने वार्षिक कार्ययोजना के संबंध में बताया कि प्ले स्कूल की व्यवस्था तथा मुनगा के वृक्षारोपण के प्रस्ताव भी कार्ययोजना में शामिल किए जाएं। सभी अधिकारी खनिज मद योजना के मापदण्डों के अनुसार कार्ययोजना तैयार करें। कार्ययोजना को स्वीकृति मिलने के बाद राशि जारी की जाएगी। आकांक्षी विकासखण्डों में कुपोषण मिटाने, मुनगा वृक्षारोपण तथा अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कार्ययोजना में शिामल करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर में चालू मशीनें लगाई जाए, साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ठीक हो- प्रभारी मंत्री



**शिवपुरी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व रोटरी के सहयोग से रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी अंतर्गत 17 मार्च से 24 मार्च तक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में किया जाएगा। इस विशाल रोटरी मेडिकल मिशन अंतर्गत आयोजित शिविर की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई।

प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि शासन गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित हर वर्ग के व्यक्ति की चिन्ता करती है और जरूरतमंद की मदद करना शासन का दायित्व है. रोटरी मेडिकल मिशन के माध्यम से शिवपुरी एवं शिवपुरी के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाएगा। इसमें एम्स, अरविंदो हॉस्पिटल सहित अन्य हॉस्पिटल के डॉक्टर्स मरीजों का निशुल्क इलाज करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह कार्य मानव सेवा का उत्तम उदाहरण है। मेडिकल मिशन के माध्यम से अभी तक हम लाखों लोगों को लाभ प्रदान कर चुके है। उन्होंने कहा कि जो भी मशीनें शिविर में मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए लगाई जा रही है, वे पूर्ण रूप से चालू हो, बेहतर कार्य करने वाली हो, बंद न हो जिससे बीच में कार्य अवरोध हो। साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था भी उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिए। 11 अथवा 12 मार्च को मैं, पुनः एक बार निरीक्षण के लिए आऊंगा।

बैठक में कलेक्टर श्री चौधरी कहा कि रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के माध्यम से शिवपुरी जिला मुख्यालय पर 17 मार्च से 24 मार्च एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में अपने-अपने क्षेत्रों से जरूरतमंदों को शिविर में भेजने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि जिले में चिन्हांकन शिविरों का आयोजन कर ऐसे मरीजों का चयन करें, जिन्हें उपचार हेतु शिवपुरी में आयोजित शिविर में भेजा जा सके। इसके साथ ही शिविर में अधिक से अधिक लोग आएं।

शिविर में बताया गया कि अभी तक लगभग 4200 मरीजों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कराया गया है। 551 मरीजों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, ये मरीज सीधा डॉक्टरों से परामर्श लेंगे। सीएम राइज स्कूल प्रांगण में आयोजित शिविर में ब्लॉक बाइज व्यवस्था की गई है। शिविर के साथ-साथ जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में जांचें की जाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही शहर के बाहर जो जांचे कराई जाएंगी उनकी अलग से व्यवस्था रहेगी। नियुक्त किए गए ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण 7 मार्च से प्रारंभ होगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, ओएसडी पुरूषोत्तम पाराशर, रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, प्रदेश कार्यकारी समिति के सदस्य हरवीर रघुवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, डीन डी.परमहंस, एसडीएम आनंद राजावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर, रोटरी के पदाधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कमिश्नर रीवा संभाग की अध्यक्षता में 12 मार्च को समीक्षा बैठक

**सीधी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में 12 मार्च को सीधी जिले की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, सीधी में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी।

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन की प्रकरणवार स्थिति, ई-ऑफिस की प्रगति, लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा तथा जारी पीपीओ के विरुद्ध किए गए भुगतान की स्थिति का भी परीक्षण किया जाएगा।

कमिश्नर द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समय-सीमा में निराकरण तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे।

# एकीकृत कृषि प्रणाली से स्लीमनाबाद के पुरुषोत्तम ठाकुर ने खेती को बनाया 'मुनाफे का धंधा'

**कटनी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अक्सर कहा जाता है कि खेती अब घाटे का सौदा है, लेकिन स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम तेवरी के प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम ठाकुर ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया है। शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपनी 25 एकड़ भूमि पर आधुनिक तकनीक, उद्यानिकी और पशुपालन का ऐसा समन्वित मॉडल विकसित किया है, जो आज क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है।सोलर पंप से सिंचाई में आत्मनिर्भरतासिंचाई की समस्या के समाधान के लिए पुरुषोत्तम ने वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना के तहत 3 एचपी का सोलर पंप स्थापित किया।



योजना में 90 प्रतिशत अनुदान मिलने से उन्हें केवल 36 हजार रुपये का निवेश करना पड़ा। अब उनकी खेती बिजली कटौती और डीजल खर्च से पूरी तरह मुक्त हो चुकी है, जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि हुई है।उद्यानिकी और औषधीय फसलों से आय में वृद्धिपुरुषोत्तम ने पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी को जोड़ा। उनके खेत में 10 किस्मों के लगभग 250-300 आम के पौधे तथा 100 से अधिक आंवला के पौधे लगे हैं। साथ ही, आत्मा विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने अश्वगंधा और चिया जैसी उच्च मांग वाली औषधीय फसलों की खेती शुरू की है। कम लागत और बेहतर बाजार मूल्य के कारण इन फसलों से उन्हें अतिरिक्त मुनाफा प्राप्त हो रहा है।पशुपालन बना नियमित आय का आधारखेती के साथ पशुपालन को जोड़ते हुए पुरुषोत्तम ने 10 दुधारू मुर्रा भैंसों का पालन किया है। उन्नत नस्ल की इन भैंसों से प्राप्त दूध उनकी दैनिक आय का मजबूत स्रोत है।

साथ ही, गोबर से जैविक खाद तैयार कर वे अपनी फसलों की उर्वरता भी बढ़ा रहे हैं, जिससे रासायनिक खाद पर निर्भरता कम हुई है।अंतर्वर्ती खेती से भूमि का अधिकतम उपयोगभूमि का बेहतर उपयोग करने के लिए उन्होंने इंटर-क्रॉपिंग (अंतर्वर्ती खेती) अपनाई है। खेतों में सागौन एवं अन्य कीमती पौधे लगाए हैं, जो भविष्य में उन्हें दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेंगे।बने क्षेत्र के रोल मॉडलपुरुषोत्तम ठाकुर का कहना है कि यदि किसान शासकीय योजनाओं का सही लाभ लें और फसल विविधीकरण के साथ पशुपालन को जोड़ें, तो आय कई गुना बढ़ाई जा सकती है।उनकी यह सफलता कहानी दर्शाती है कि समेकित कृषि प्रणाली अपनाकर खेती को लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय बनाया जा सकता है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होली के दिन बचाई गई जटिल हृदय रोगी की जान टीएपी तकनीक का सफल प्रयोग



**रीवा /दैनिक मालवा हेराल्ड।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर जहाँ पूरा प्रदेश उत्सव में डूबा था, वहीं रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक गंभीर मरीज को नया जीवन देकर मानवता की मिसाल पेश की है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. त्रिपाठी और उनकी टीम ने एक अत्यंत जटिल हार्ट प्रोसीजर को सफलतापूर्वक संपन्न कर मरीज की जान बचाई। मरीज की धमनियों में बाइफरकेशन ब्लॉकेज की समस्या थी, जहाँ नस दो हिस्सों में बंटती है। ऐसी स्थिति में इलाज करना काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। डॉ. त्रिपाठी ने आधुनिक टीएपी तकनीक का उपयोग कर बंद नसों को खोला। यह सफल ऑपरेशन अस्पताल की हाई-टेक कैथ लैब में पूरी सटीकता के साथ किया गया। इस सफलता में कैथ लैब टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें जय नारायण मिश्रा, सुधांशु तिवारी, सुमन साहू, अमन मिश्रा, सत्यम, निकित, विजय और सोनाली शामिल थे।

डॉ. त्रिपाठी ने इस उपलब्धि का श्रेय उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल के विजन और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व को दिया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से रीवा अब स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है। अब विंध्य क्षेत्र के मरीजों को हृदय रोगों के जटिल उपचार के लिए बड़े महानगरों की ओर नहीं भागना पड़ता, बल्कि उन्हें स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# रायपुर कर्चुलियान के किसानों को मिला जवाहर जैव उर्वरक का उपहार




**रीवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के %आत्मा% परियोजना के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के तहत ग्राम सगरा और नवागांव के किसानों के लिए एक विशेष नवाचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को ÷जवाहर जैव संघटक-क्ष्क्ष÷ प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारना और फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन करना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जैव उर्वरकों के माध्यम से मिट्टी में पोषक तत्वों का प्रबंधन करना और विभिन्न कीट व्याधियों पर नियंत्रण पाना है। कार्यक्रम में बताया गया कि किसान फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उपयोग कंपोस्ट खाद बनाने में कर सकते हैं, जिससे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान 30 चयनित किसानों को जैव उर्वरक किट बांटी गई और उन्हें इसके सटीक उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया।

किसानों को फसल अवशेषों के माध्यम से 2 माह के भीतर गंधमुक्त और उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार करने की तकनीक सिखाई गई। इसके लिए 10 फीट लंबे, 4 फीट चौड़े और 3 फीट गहरे गड्ढे में कचरे की परतें बनाकर उन पर बायोडाइजेस्टर, डेयरी स्लरी और जैव उर्वरक के घोल का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने बताया कि 2 लीटर तरल कल्चर को 10-15 लीटर पानी में घोलकर उसे 50-100 किलो कंपोस्ट या वर्मी कंपोस्ट के साथ रात भर रखकर सक्रिय किया जा सकता है। इस मिश्रण का एक एकड़ खेत में बुआई या रोपाई से पहले छिड़काव करना अत्यंत लाभकारी होता है। इस कार्यक्रम में %आत्मा% परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक सपना पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रतिक्षा सिंह, प्राची शर्मा एवं सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी बी.पी. पाण्डेय ने भी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

# जेम पोर्टल पर जारी हार्डवेयर निविदा पूर्णतः नियमानुसार - सीईओ पी.एस. धनवाल

**सीधी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीधी पी.एस. धनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक द्वारा जेम पोर्टल पर जारी की गई हार्डवेयर क्रय संबंधी निविदा के संबंध में कुछ भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारियां प्रसारित की जा रही हैं। इस संबंध में स्पष्ट किया गया है कि उक्त निविदा पूर्णतः नियमानुसार एवं सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुरूप जारी की गई है। उन्होंने बताया कि आवश्यक हार्डवेयर स्पेसिफिकेशन SLIMC द्वारा निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपैक्स बैंक) की प्रशासक समिति द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर - नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**रीवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है।

संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है।

# भक्ति मेंय हुआ फुलेन, पूर्व पार्षद लोकेंद्र सिंह उर्फ राहुल मंडलोई सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया नगर पंचायत क्षेत्र अकोदिया हमेशा ही धार्मिक कार्य के लिए जाने जाते हैं नगर पंचायत क्षेत्र में नगर सहित नगरीय क्षेत्र में लगने वाले अकोदिया गांव एवं फुलेन में भी आए दिन धार्मिक आयोजन होता है धार्मिक कार्य की कड़ी में सोमवार की रात्रि को एक बार फिर नगरीय क्षेत्र के अधीन ग्राम फुलेन गांव में प्रसिद्ध एवं चमत्कारी भगवान देवनारायण के मंदिर परिसर में जितेन्द्र सिंह मेवाड़ा द्वारा ऐतिहासिक महा आरती का आयोजन आयोजित किया गया था जहां बाबा की एक झलक पाने के लिए नगर पंचायत क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए थे।

करीब घंटों तक चले इस ऐतिहासिक आयोजन में नगर पंचायत क्षेत्र अकोदिया के पूर्व पार्षद लोकेंद्र सिंह उर्फ राहुल मंडलोई ने पूरा समय का समर्पण किया भगवान देवनारायण की भक्ति में मगन दिखाई दिए आरती के बाद प्रसादी एवं भोजन प्रसादी का आयोजन प्रारंभ किया गया था प्रसिद्ध भगवान देवनारायण के दरबार में आयोजित ऐतिहासिक महा आरती के आयोजन में लक्ष्मीनारायण पटेल ,भगवतसिंह मेवाड़ा ,लखनसिंहमेवाड़ा,सुबाक सिंह मेवाड़ा,विक्रम मेवाड़ा ,नरेंद्र मेवाड़ा,किरपाल सिंह मेवाड़ा ,एलम मेवाड़ा ,गोपाल सिंह मेवाड़ा ,लालू गुरूजी ,मनोहर मेवाड़ा ,जितेंद्र मेवाड़ा, अशोक मेवाड़ा ,ओमप्रकाश मेवाड़ा ,बने सिंह मेवाड़ा , राजेंद्र मेवाड़ा ,भोजराज मेवाड़ा ,बंटी मंडलोई ,देवकरण मेवाड़ा ,मोहित मेवाड़ा ,हेमन मेवाड़ा,हेमन मेवाड़ा ,अमन मेवाड़ा , कमल मेवाड़ा ,संजय प्रजापति,अजब मेवाड़ा ,बलराम मेवाड़ा,रायसिंह कप्तान ,प्रहलाद सिंह मेवाड़ा ,शिवनारायण मेवाड़ा,विकास मेवाड़ा ,कमल मेवाडा ,जितेंद्र मेवाड़ा ,जगदीश मेवाड़ा,संतोष पंडाजी ,राजेंद्र मेवाड़ा,अशोक राव ,पवन मेवाड़ा,गुलाब मेवाड़ा ,गुलाब मेवाड़ा,इंदर मेवाड़ा ,विजेंद्र मेवाड़ा,महेंद्र मेवाड़ा ,राहुल मेवाड़ा, महेंद्र मेवाड़ा ,आसू मेवाड़ा ,जीवन सिंह मेवाड़ा, मुकेश मेवाड़ा (होटल), गोविंद मेवाड़ा ,भूपेंद्र मेवाड़ा, किदार मेवाड़ा ,फूलसिंह मेवाड़ा सहित नगर अकोदिया एवं अकोदिया गांव व फूलेन के बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए यहां पूरे कार्यक्रम में युवा तरुनाई राहुल मंडलोई की गरिमामय उपस्थित रही है।

## सेवानिवृत्त समारोह में प्राचार्य दिनेश दुबे का सम्मान



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संदला में एक भावपूर्ण एवं गरिमामय समारोह के मध्य प्राचार्य दिनेश दुबे के 37 वर्षों की दीर्घ, निष्ठापूर्ण एवं गौरवशाली शासकीय सेवा का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री दुबे ने विद्यालय को केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की सुदृढ़ नींव भी स्थापित की। विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सिंह पिपलीपाडा ने उनके नेतृत्व को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में विद्यालय ने निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित किए। माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ हुए इस समारोह में संकुल केंद्र, विकासखण्ड बदनावर के प्राचार्यों, प्रधानाध्यापकों, जनशिक्षकों, ग्राम पंचायत एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा प्राचार्य दुबे का साफा, शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। अपने सेवा काल में दुबे ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण को प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शैक्षणिक गुणवत्ता एवं सामाजिक प्रतिष्ठा दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पूर्व छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। स्वागत भाषण लच्छीराम गोयल ने दिया, अभिनंदन पत्र का वाचन अरुण कुमार पांडे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य श्री प्रेमसिंह सिसोदिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षक मुकेश कुमार पुरोहित ने किया। अंत में सहभोज के साथ इस भावपूर्ण समारोह का समापन हुआ।

## कलेक्टर श्री तिवारी ने आदतन अपराधी को 5 माह तक पुलिस थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश



**कटनी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष तिवारी ने वार्ड क्रमांक 12 अमरैयापार, थाना कैमोर, कटनी निवासी अदनान रजा पिता शेख शरीफ उम्र 25 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।अदनान रजा के विरूद्ध वर्ष 2018 से अब तक कुल 4 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन को समूह बनाकर दंगा करना, गाली-गलौज करना, फायर आर्म्स के साथ आत्म हत्या करने का प्रयास करने व जान से मारने की धमकी देने जैसे अपराध शामिल है। साथ ही अदनान साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काकर उत्तेजित कर लड़ाई झगड़ा करता है जिससे लोगों में सद्भाव बिगड़ने की संभावना रहती है।

# अकोदिया कांग्रेस शहर अध्यक्ष बने सिकरवार

### कांग्रेस पार्टी को अच्छे नेतृत्व की पहचान इसलिए बनाए गए सिकरवार अध्यक्ष



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया नगर के समाजसेवी सबके लोकप्रिय कांग्रेस के कार्यकर्ता शैलेंद्र सिंह सिकरवार बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष सभी कार्यकर्ताओं में खुशी के लहर

अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देशानुसार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी, प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह व प्रदेश सह-सचिव श्रीमती रचना जैन की अनुशंसा पर कांग्रेस नेता , शैलेंद्र सिंह सिकरवार को पुनः अकोदिया शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर, कांग्रेस जनों ने आतिशबाजी कर , शैलेंद्र सिंह सिकरवार का स्वागत कर बधाई दी सिकरवार लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समर्थकों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य किए।

ईष्टमित्रों में हर्ष की लहर... बधाईयों का सिलसिला जारी- उनकी नियुक्ति , ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मेवाड़ा पूर्व पार्षद समाजसेवी लोकेंद्र सिंह राहुल मंडलोई इंदर सिंह बाबा पार्षद जगदीश मेवाड़ा पार्षद प्रतिनिधि जाहिद लाल इंदर सिंह परमार बाबा सुरेंद्र राठी बाबा बल्ला पठान ब्रज विजय वर्गी श्याम सुंदर अग्रवाल अशोक अग्रवाल मुकेश खत्री सचिन जैन शरद जैन जनक शर्मा वीरेंद्र ठाकुर कमालुद्दीन पठान वारिस कुरैशी रवि खत्री संदीप कुशवाह एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता ने कांग्रेस नेता शैलेंद्र सिंह सिकरवार को पुनः अकोदिया शहर अध्यक्ष बनने पर खुशी मनाई।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जारी 6 मार्च को

**कटनी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 6 मार्च को कैमोर, बरही, विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा।जारी कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 6 मार्च को कैमोर नगर परिषद के वार्ड नं 13 लोहिया नगर वार्ड, वार्ड नं 14 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 15 डॉ अम्बेडकर वार्ड के लोगों के लिए शासकीय माध्यमिक शाला अमरियापार कैमोर में शिविर का आयोजन किया गया है।

## रंगोत्सव पर बच्चों ने कलेक्टर संग खेली रंगों की होली



**कटनी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रंगों के पर्व होली पर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी बच्चों के साथ बच्चे बने नजर आए। उन्होंने आसरा बाल गृह के बच्चों की नटखट टोली के साथ कलेक्टर निवास में रंग और गुलाल की जमकर होली खेली और बच्चों की खुशियों में शामिल हुए। बच्चों ने यहां गुझिया, जलेबी, खस्ता,कचौड़ी, आलू टिकिया -मटर चाट, पानी पूरी, आइसक्रीम सहित भांति-भांति के लजीज व्यंजनों और मिठाईयों का ज़ायका लिया।इस दौरान जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें पुलिस अधीक्षक श्री अभिनय विश्वकर्मा,निगमायुक्त तपस्या परिहार,अपर कलेक्टर श्री नीलांबर मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया एवं विजयराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप मिश्रा , तहसीलदार अजीत तिवारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी ।कलेक्टर श्री तिवारी ने निज निवास पर आयोजित होली कार्यक्रम में बाल गृह के बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया।

## रोटरी मेडिकल मिशन की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने किया स्थल का निरीक्षण 17 मार्च से 24 मार्च तक लगेगा वृहद स्वास्थ्य शिविर



**शिवपुरी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व रोटरी के सहयोग से रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी अंतर्गत 17 मार्च से 24 मार्च तक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में किया जाएगा। इस विशाल रोटरी मेडिकल मिशन के संदर्भ में तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के पास स्थित सीएम राइज स्कूल शिवपुरी प्रांगण में स्थल का निरीक्षण किया गया।

स्थल निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने जनरल ओपीडी, मेडिसीन, रजिस्ट्रेशन हेतु बनाए जाने वाले डोम के स्थल का निरीक्षण किया। सीएम राइज स्कूल प्रांगण में टेंट सिटीनुमा आकृति बनाई जा रही है, जिसमें तीन बड़े डोम एक डोम चिकित्सकों की ओपीडी के लिए रहेगा। साथ ही एक डोम में सांस्कृतिक आयोजन हेतु तथा एक और अन्य डोम में रजिस्ट्रेशन, खून की जांच, बी.पी, शुगर ईसीजी आदि एवं दवा वितरण की व्यवस्था रखी गई है। प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने काउन्टर व्यवस्था देखी। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट एवं मरीजों की आवश्यकता के अनुसार बनाए जाने वाले ब्लॉक एवं सेक्शन को भी निरीक्षण किया।

## एक दिन पहले प्रतिष्ठान पहुंच कर मनाया भाजपा नेता का जन्मदिन

### जन्मदिन संग रंग लगाकर होली की भी दी शुभकामना



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया कालापीपल शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में कोई नूर के हीरे की तरह अपनी एक चमक रखने वाले अकोदिया नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री शिव प्रताप सिंह मंडलोई का 5 मार्च को जन्मदिन है लेकिन काला पीपल शुजालपुर क्षेत्र के सामाजिक एवं पार्टी से जुड़े लोग 2 दिन पूर्व से ही जन्मदिन मनाने का क्रम प्रारंभ कर देते हैं क्योंकि पूर्व अध्यक्ष श्री मंडलोई लगातार 2 दिन तक अपने अकोदिया पेट्रोल पंप पर मौजूद रहते हैं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए उनके अकोदिया स्थित पेट्रोल पंप पहुंचकर शुभकामना अर्पण करते हैं लेकिन इस बार मंडलोई समर्थकों के लिए खुशी का मौका है जहां जन्मदिन का उत्साह के साथ ही होली पर्व की शुभकामना का भी मौका मिल गया हर कोई उनके प्रतिष्ठान पहुंचकर उत्साह के साथ जन्मदिन मना कर होली की शुभकामनाएं अर्पण कर रहे हैं इसी बेला में भारतीय जनता पार्टी के गोलाना मंडल उपाध्यक्ष सरपंच बहादुर सिंह मेवाडा ग्राम पंचायत बाड़ी गांव के सरपंच विक्रम सिंह मेवाडा ग्राम पंचायत खरसोदा के पूर्व सरपंच तेज सिंह मेवाड़ा अकोदिया नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 के भाजपा पार्षद पंकज गुप्ता गोलाना मंडल के भाजपा मीडिया प्रभारी रोशन मेवाड़ा आदि भी उनके सुजालपुर रोड पेट्रोल पंप अकोदिया मंडी पहुंचकर सूखा रंग लगाकर पहले होली की शुभकामना अर्पण कर माला पहनकर जन्मदिन की शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने 'द वन एंड ओनली' लॉन्च किया, जो विशिष्टता के साथ सफलता की शक्ति का उत्सव मनाता है

अपने नए कैंपेन में ब्रांड दिखाता है कि कई लोगों की दुनिया में केवल एक ही ऐसा होता है, जो अपनी खास आभा, आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ सबसे अलग पहचान बनाता है – ब्रांड के सांस्कृतिक नेतृत्व और विरासत की तरह ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, जिसने कई पीढ़ियों से सफलता के मायने को नई ऊंचाई दी है, अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। आज के समय में, जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है - असली सफलता अलग पहचान में होती है जो लोगों की प्रशंसा पाती है और व्यक्ति को दूसरों से अलग बनाती है।

इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। अवंती अपने निडर आत्मविश्वास और अलग अंदाज से आकर्षण पैदा करती हैं, किरनदीप अपनी प्रभावशाली और बेबाक मौजूदगी से लोगों को प्रभावित करती हैं, और माहिका अपने संतुलित और शांत व्यक्तित्व से प्रेरणा देती हैं। एक ऐसी दुनिया में, जहां कई लोग समान दिखाई देते हैं, फिर भी ये तीनों और ब्रांड खुद सबसे अलग और खास नजर आते हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं।

स्टाइल और गुणवत्ता से जुड़ा यह ब्रांड लगातार आधुनिक भारतीय संस्कृति में प्रेरणादायक सफलता को बढ़ावा देता आया है नए प्रयोगों में आगे रहकर, उद्योग में कई नई शुरुआत करते हुए और प्रतिष्ठित फैशन प्लेटफॉर्म बनाकर।

'द वन एंड ओनली' के साथ अब ब्रांड अपने अगले चरण की ओर बढ़ रहा है और नई पीढ़ी के उन युवाओं से जुड़ रहा है, जो केवल पहचान नहीं बल्कि सम्मान और प्रभाव भी चाहते हैं।

यह 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैंपेन डिजिटल और सोशल प्लेटफॉर्म, चल रहे आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप, प्रमुख अखबारों के फ्रंट पेज विज्ञापनों और बड़े शहरों के आउटडोर विज्ञापन स्थलों पर लॉन्च किया गया है, जिससे इसे व्यापक पहचान मिल रही है और ब्रांड की सांस्कृतिक नेतृत्व की छवि मजबूत हो रही है।

देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ÷ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है। 'द वन एंड ओनली' सफलता की एक नई सोच पेश करता है, जो अलग पहचान से प्रेरित है। यह उस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करता है कि आज भारत का महत्वाकांक्षी युवा केवल सफल होना ही नहीं चाहता, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अलग पहचान भी बनाना चाहता है।

सफलता की इसी नई सोच के साथ ब्लेंडर्स प्राइड युवाओं की प्रबल आकांक्षाओं को दर्शाता है और एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक लीडर के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करता है।

## समय-सीमा बैठक आयोजित शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश

**राजगढ़/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारीजिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह दांगी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारीजिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा सीएम हेल्पलाईन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण का तथ्यात्मक एवं प्रभावी समाधान किया जाना चाहिए।

उन्होंने समय-सीमा पत्रों एवं सीएम मॉनिट के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की भी वन-टू-वन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने कहा कि शासन की प्राथमिकता नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराना है।

अतः सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत अब मृत, वृद्ध और दिव्यांग किसानों के वारिसों को भी आसानी से मिलेगा उर्वरक

**कटनी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के किसानों के लिए उर्वरक की प्राप्ति को सुगम बनाने हेतु शासन द्वारा ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब उन किसान परिवारों को भी खाद मिल सकेगी जहाँ भू-स्वामी की मृत्यु हो चुकी है और भूमि का नामांतरण लंबित है या किसान शारीरिक रूप से केंद्र तक आने में असमर्थ हैं।मृत किसान जिनकी भूमि का नामांतरण लंबितऐसे किसान जिनकी मृत्यु के उपरांत भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है, के संबंध में मृत किसान परिवार के सभी उत्तराधिकारी सदस्यों की सहमति पत्र के आधार पर किसी एक व्यक्ति को नॉमिनी के रूप में मान्य किया जाएगा।इसके लिए नॉमिनी द्वारा उर्वरक हेतु ई-टोकन के लिए निर्धारित पारूप में जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा।शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृध्द किसानऐसे शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृध्द किसान, जिनके आधार डाटाबेस में मोबाईल नंबर अपडेट और सत्यापन संभव नहीं है, उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा उन्हे नामिनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए नॉमिनी द्वारा उर्वरक हेतु ई-टोकन के लिए निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूपों में जानकारी दर्ज करने के बाद, नॉमिनी किसान द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आधार सत्यापन अनिवार्य होगा।नॉमिनी किसान द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आधार सत्यापन पश्चात निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज करने के उपरांत संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा दर्ज जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद ही संबंधित किसान ई-टोकन जनरेट कर सकेगा।उर्वरक प्राप्ति की प्रक्रियाई-विकास पोर्टल पर जाकर अधिकृत किसान की आधार संख्या दर्ज की जाएगी। आधार सत्यापन के उपरांत अधिकृत कृषक द्वारा टोकन जनरेट किया जाएगा। इस टोकन की वैधता निर्धारित अवधि तक रहेगी। किसान जनरेट किए गए टोकन के साथ संबंधित सहकारी समिति या अधिकृत उर्वरक विक्रेता (समिति) के पास जाएगा। विक्रेता दवारा टोकन का सत्यापन कर उर्वरक वितरण किया जाएगा। उर्वरक वितरण के पश्चात टोकन का उपयोग दर्ज किया जाएगा।

# जिले में गेहूँ उपार्जन के लिये किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक कराएँ

### टीकाकरण अभियान के तहत सभी पात्र बालिकाओं का टीकाकरण हो



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उत्पादन के लिये किसान भाई 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन व्यवस्था को सहज सुगम बनाया गया है। जिले में 40 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके साथ ही एमपी ऑनलाइन, एमपी लोक सेवा केन्द्र व कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिले के सभी किसानों को 7 मार्च से पूर्व अपना पंजीयन कराने हेतु प्रेरित करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास सहित अन्य विभगीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, एडीएम श्री सी बी प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद, सहकारिता व कृषि सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों को किसानों को पंजीयन हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। सरकार द्वारा गेहूँ का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है जो गत वर्ष से 160 रुपए ज्यादा है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हैल्थ केयर के लिये बेटियों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हो। जिले में निर्धारित केन्द्रों पर लक्ष्य अनुरूप टीकाकरण का कार्य किया जाए। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकीं और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया जाना है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि अभियान को पूर्ण गंभीरता के साथ चलाया जाए। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की भी सक्रिय भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खनिज विभाग की जो भी रॉयल्टी विभाग पर लंबित है उसे तत्परता से जमा कराएं। लोक निर्माण विभाग, सेतु विकास निगम, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी निर्माण विभाग के अधिकारी 15 मार्च तक रॉयल्टी की राशि जमा कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा उनके विभागों को दिए गए बजट के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें। 15 मार्च तक विभागीय अधिकारियों को जिन कार्यों के लिये बजट प्राप्त है वह कार्य पूर्ण करें। जिन मदों में कार्य नहीं किया जाना है उसका बजट शासन को सुपुर्द करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। बैठक में शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ ही सीएम हैल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में आबकारी नीति 2026-27 के अंतर्गत ई-टेण्डर प्रक्रिया पर बैठक संपन्न



**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिला धार में आबकारी नीति 2026-27 के अंतर्गत ई-टेण्डर प्रक्रिया के संबंध में सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिले में वर्ष 2026-27 के लिए 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु घोषित आबकारी नीति के अनुसार कुल 21 एकल समूह गठित किए गए हैं। ई-टेण्डर प्रक्रिया के प्रथम चरण के प्रथम बैच में निष्पादित होने वाले 07 मदिरा समूहों के लिए 16,71,66,92,93/- के आरक्षित मूल्य पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) आमंत्रित किए गए।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में एवं जिला समिति के सदस्यों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ई-आबकारी पोर्टल पर ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस प्रक्रिया में 07 मदिरा समूहों में से 03 मदिरा समूहों के लिए कुल 8,44,08,13,05/- के आरक्षित मूल्य के विरुद्ध 11,47,16,66,66/- के टेण्डर ऑफर प्राप्त हुए। जिनका विवरण निम्नानुसार है–

प्रथम- DHR/FCL-2 पीथमपुर समूह वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य 54,91,54,248/- के विरुद्ध ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त उच्चतम बोली 69,51,00,000/- तथा ई-टेण्डर में उच्चतम ऑफर 65,66,66,666/- प्राप्त हुआ। ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त ऑफर आरक्षित मूल्य से +26.58% अधिक होने पर उक्त समूह मेसर्स शिवाबाबा फूड्स प्रा. लि. को आवंटित किया गया।

द्वितीय- DHR/FCL-11 सरदारपुर समूह वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य 23,00,62,622/- के विरुद्ध ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त उच्चतम बोली 28,41,00,000/- तथा ई-टेण्डर में प्राप्त उच्चतम ऑफर 31,66,66,666/- रहा। यह ऑफर आरक्षित मूल्य से +37.64त्न अधिक होने पर उक्त समूह श्री विकास सिंह ठाकुर को आवंटित किया गया।

तृतीय- DHR/FCL-21 निसरपुर समूह वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य 6,48,64,435/- के विरुद्ध ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त उच्चतम बोली 13,54,00,000/- तथा ई-टेण्डर में उच्चतम ऑफर 11,66,66,666/- प्राप्त हुआ। ई-टेण्डर कम ऑक्शन में प्राप्त ऑफर आरक्षित मूल्य से +108.74त्न अधिक होने पर उक्त समूह श्री कपील भावसार को आवंटित किया गया।

## कलेक्टर कार्यालय में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय परिसर में आज होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। समारोह में कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें। समारोह के दौरान कार्यालय परिसर में आत्मीय वातावरण देखने को मिला। सभी ने आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए होली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का समापन पारस्परिक शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो द्वारा जन औषधि सस्ती भी भरोसेमंद भी थीम के अंतर्गत 1 मार्च से 7 मार्च 2026 तक जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत 1 मार्च से 5 मार्च 2026 तक देश के विभिन्न जिलों में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जन औषधि केंद्र, वीर सावरकर नगर, भोज हॉस्पिटल चौराहा, धार में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. तरुण पंड्या (बी.डी.एस.) की उपस्थिति में आम नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, सीबीसी टेस्ट सहित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 90 लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। इस अवसर पर डॉ. तरुण पंड्या ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाइयाँ किफायती होने के साथ-साथ गुणवत्ता की दृष्टि से भी भरोसेमंद हैं। उन्होंने आमजन से सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। यह शिविर जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

## भैंसवामाता मंदिर सारंगपुर में होली महोत्सव, स्वयं सहायता समूहों की रचनात्मकता बनी आकर्षण का केंद्र

**राजगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भैंसवामाता मंदिर परिसरसारंगपुर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होली के अवसर पर रंगारंग होली महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया।जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। यह कार्यक्रम ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री रोडमल नगर ने शिरकत की और मिशन के अंतर्गत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अनुविभागीय (राजस?व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरेउपस्थित रहे।

साथ ही मेले की सबसे बड़ी विशेषता जिले के विभिन्न ब्लॉकों की महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल रहे। जीरापुर ब्लॉक की महिलाओं ने पारंपरिक स्वाद के अनुरूप घरेलू स्नैक्स और होम डेकोरेशन सामग्री के आकर्षक स्टॉल लगाए, जिनमें हस्तनिर्मित सजावटी सामान और पैक्ड फूड आइटम शामिल थे। खिलचीपुर ब्लॉक के स्वयं सहायता समूहों ने पूरी तरह देसी पद्धति से तैयार किए गए। ऑर्गेनिक दालों और मसालों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया।जिससे ग्रामीण उत्पादों की गुणवत्ता और वैल्यू एडिशन को बढ़ावा मिला। सारंगपुर पड़ाना से महिला समूह ने हैंडलूम और ब्यावरा से महिला समूह ने घरेलू श्रृंगार की प्रियदर्शिनी लगाई। नरसिंहगढ़ से महिला समूह ने घरेलू उत्पाद जैसे खिलौने, घी, मसाले और खाद की प्रदर्शनी लगाई।

## राहवीर एवं पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए जिससे अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिले - केंद्रीय मंत्री श्रीमती ठाकुर



**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग, सांसद एवं अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति श्रीमती सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए गए कि जिले में इस वर्ष नवीन रूप से चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट्स का अविलंब आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित किए जाए।

बैठक में अवगत कराया गया कि पूर्व में चिन्हित 5 ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य पूर्ण हो जाने के कारण उन्हें समाप्त कर दिया गया है, जबकि जिले में 9 नवीन ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए हैं। इस प्रकार पहले चिन्हित कुल 14 ब्लैक स्पॉट्स की संख्या अब 18 हो गई है।

मंत्री श्रीमती ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत (कैशलेस) योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले, इसके लिए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले में घटित हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा के साथ-साथ राहवीर योजना के लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई तथा इनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन में जिले में विगत दो माह में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या में कमी दर्ज की गई है।

बैठक में कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना 2026 सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना की तैयारियों के तहत मकान मार्किंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सभी तहसीलदारों एवं सीएमओ को अपने-अपने ब्लॉक्स बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा ब्लॉक तैयार होने के उपरांत प्रगणक एवं पर्यवेक्षक नियुक्त करने की कार्यवाही समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वन विभाग से संबंधित प्रकरणों एवं वनग्रामों में वनाधिकार के लंबित दावों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया गया। साथ ही भ्प्ट वैक्सीनेशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान 2.0 अभियान की समीक्षा में सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने मार्च माह में आयोजित होने वाले ब्लॉक लेवल शिविरों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने तथा प्रत्येक शिविर में एक जिला अधिकारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। ई-विकास प्रणाली से खाद वितरण एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा कर इनमें तेजी लाने को कहा गया। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान पानी की टंकियों एवं कुओं का नियमित क्लोरिनेशन एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने, पूर्ण हो चुके कार्यों का हैंडओवर शीघ्र करने तथा सभी पेयजल कूपों को जाली से ढकने की कार्यवाही 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं सत्यापन एवं गिरदावरी कार्य, राहवीर योजना एवं हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी मामलों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी विभाग 85 प्रतिशत से कम प्रदर्शन न करे। नोट-अटेंडेड सीएम हेल्पलाइन रहने की स्थिति में एक दिन का वेतन काटने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही निम्न गुणवत्ता से शिकायतें बंद करने वाले विभागों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में संबल पंजीयन अंतर्गत लोक सेवा अधिनियम के समयबद्ध आवेदनों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए तथा विभागवार समयसीमा के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मिलिंद कुमार नागदवे, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्या, समस्त एसडीएम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे।

## आदिवासियों भाईयों बहनों का लोकप्रिय त्यौहार है भगोरिया:- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय



**आलीराजपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आदिवासी अंचल के लोकप्रिय और पारंपरिक भगोरिया पर्व का अंतिम दिन आज आलीराजपुर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। भगोरिया का त्यौहार आदिवासी भाइयों बहनों के लिए लोकप्रिय त्यौहार है। यह त्यौहार आदिवासी भाई बहनों की प्रकृति प्रेम को प्रदर्शित करता है क्योंकि यह त्यौहार रबी की फसल की कटाई के बाद होली के 7 दिवस पूर्व से मनाया जाता है। यह सब नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजवर्गीय ने आज आलीराजपुर के प्रसिद्ध भगोरिया पर्व में शामिल होने पर कही और आदिवासी समाज को भगोरिया और होली की शुभकामनाएं दीं । इस दौरान अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत , जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थिति थे।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आदिवासी संस्कृति, परंपरा और भाषा के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आदिवासी कला और संस्कृति को संरक्षित करने वाले कलाकारों को पद्मश्री सम्मान दिलाने की पहल का भी उल्लेख किया। साथ ही शासन द्वारा आदिवासी जननायकों टंट्या मामा, शंकर शाह और भीमा नायक जैसे महानायकों को इतिहास में उचित स्थान दिलाने के प्रयासों की सराहना की।

भगोरिया के अंतिम दिन मंत्री श्री विजयवर्गीय,मंत्री श्री चौहान एवं सांसद ने मांडल की थाप पर आदिवासी भाई-बहनों के साथ पारंपरिक नृत्य किया और स्वयं मांडल वादन कर उत्सव की खुशियों में सहभागी बने। उपस्थित जनसमुदाय ने जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत किया।

आलीराजपुर में भगोरिया पर्व का यह अंतिम आयोजन उत्साह, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम बन गया

## हार्वेस्टर मशीन से घायल व्यक्ति को मिला जिला चिकित्सालय में त्वरित उपचार



**राजगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में रविवार शाम छह बजे के लगभग एक व्यक्ति गंभीर हालात में इलाज के लिए पहुंचा। जहां सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम ने बिना समय गवाए मरीज को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया। प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 3 बजे भोपाल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। यदि समय रहते मरीज को उपचार नहीं मिलता तो काई अनहोनी घटना भी घटित हो सकती थी।

उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान सदगुरू सिंह पिता अवतारसिंह उम्र 40 वर्ष निवासी पंजाब के रूप में हुई है, वे रविवार दोपहर खिलचीपुर में हार्वेस्टर मशीन से गेहूं निकालने का कार्य कर थे, कार्य के दौरान अचानक मशीन के नुकीले दांते उनके पेट में फंस गए। इस घटना में सदगुरू के पेट की आंते तक बाहर निकल गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल अन्य मजदूरों ने काम रोककर घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम भी तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंची। जहां घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। मशीन के दांते नुकेले होने के कारण सदगुरू का पूरा पेट कट गया था। जिस पर तुरंत घांव की रिपेयरिंग कर 30 टांके लगाए गए। रात करीब 3 भोपाल रेफर कर दिया गया।

## कृषि विभाग द्वारा 20 क्लस्टरों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति किया जा रहा प्रेरित



**बुरहानपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सहित जिले में ''कृषक कल्याण वर्ष के तहत विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। इसी कड़ी में कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 20 क्लस्टरों का गठन किया गया है। इन क्लस्टरों के माध्यम से किसानों के खेतों पर पहुँचकर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उपसंचालक कृषि श्री एम.एस. देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजर श्री अनिल रावत द्वारा ग्राम कालमाटी में फील्ड स्तर पर किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत सहित प्राकृतिक खेती के सभी घटकों को खेत पर तैयार करने की विधि सिखाई जा रही है। साथ ही पौधों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने तथा फसल सुरक्षा हेतु प्राकृतिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिले में फील्ड अधिकारियों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को प्रभावी रूप से लागू करवाया जा रहा है। किसानों से अपील की जा रही है कि वे कम से कम एक एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती अवश्य अपनाएं।

वहीं किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अंतर्गत किसानों को उनकी मिट्टी के पोषण स्तर (12 प्रमुख मापदंडों) एवं आवश्यक उर्वरक मात्रा की रिपोर्ट प्रदान की जाती है। यह योजना प्रत्येक 2-3 वर्ष में मिट्टी परीक्षण के माध्यम से फसल उत्पादन बढ़ाने और अनावश्यक उर्वरक खर्च कम करने में सहायक है। किसानों से आग्रह है कि वे अपनी मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं और खेती की लागत (कॉस्ट ऑफ कल्टीवेशन) कम करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

प्राकृतिक खेती एक संतुलित एवं भविष्य उन्मुख खेती पद्धति है। इससे पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि तथा लाभदायक सूक्ष्म जीवों जैसे केंचुए (किसान का मित्र) का संरक्षण होता है। इसके साथ ही लाभकारी कीट जैसे लेडीबग, लेसविंग, परजीवी ततैया, ग्राउंड बीटल एवं हॉवरफ्लाई हानिकारक कीटों (एफिड्स, माइट्स, कैटरपिलर आदि) को नियंत्रित कर फसल सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्राकृतिक खेती से उत्पादित अनाज, दालें, फल एवं सब्जियां पोषक तत्वों से भरपूर एवं सुरक्षित होती हैं, जिन्हें किसान कम लागत में अपने खेत पर तैयार कर सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों से अधिक से अधिक संख्या में प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की जा रही है, ताकि सतत एवं सुरक्षित कृषि प्रणाली को बढ़ावा मिल सके।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत रोशनी व आंवलिया में शिविर आज

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के लिये प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी व आंवलिया में 5 मार्च को, पंधाना विकासखंड के ग्राम दीवाल और आरूद, तथा खालवा विकासखंड के ग्राम आशापुर व पटाजन में 6 मार्च को, खारकलां व मलगांव में 7 मार्च और सुंदरदेव व सांवलीखेड़ा में 8 मार्च को शिविर आयोजित कर ग्रामीणों के आवेदन लिए जाएंगे।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की पूर्व में मेरा नाम कपिल सिंह डाबिया (KAPIL SINGH DABIYA) व पिता का नाम पूर्व में लाल सिंह डाबिया (LAL SINGH DABIYA) व पता 75 श्रीराम नगर, ग्लोबस सिटी के पास, रतलाम, पीन : 457001 मध्य प्रदेश, भारत (75 SHRIRAM NAGAR, NEAR GLOBUS CITY, RATLAM, PIN : 457001, MADHYA PRADESH , INDIA) था जो कि अब परिवर्तित होकर कपिल सिंह डाबी (KAPIL SINGH DABI) व पिता का नाम लाल सिंह डाबी (LAL SINGH DABI) व पता 45, वीरमणि पार्क कॉलोनी, मंडी रोड़, बदनावर, जिला धार, मध्यप्रदेश पीन : 454660, भारत(45, VEERMANI PARK COLONY, MANDI ROAD, BADNAWAR, DISTTRICT - DHAR, MADHYA PRADESH, INDIA) हो गया है। अब भविष्य में नये नाम से जाना जाये व पहचाना जाये।


## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजगढ़ में यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन 6 मार्च को




**राजगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजगढ़ में 06 मार्च, 2026 को यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के निर्देशन में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इस अवसर पर माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थी भाग लेंगे और संसद की कार्यवाही का अनुकरण करते हुए प्रश्नकाल, शून्यकाल तथा विभिन्न समसामयिक विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी वक्तृत्व कला, तार्किक क्षमता एवं आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा।

नोडल अधिकारी डॉ. मंगलेश सोलंकी ने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़े ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम से चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागी होंगे, जिससे उन्हें उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# उज्जैन वन विभाग की नर्सरियों में तैयार हो रहे लाखों पौधे

**फलदार, औषधीय और साज-सज्जा के पौधों की भरमार, 5 से 45 रुपए प्रति पौधा तय दर; 50 हजार से अधिक बांस और सजावटी पौधे भी उपलब्ध**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए उज्जैन वन विभाग ने इस बार पौधरोपण की व्यापक तैयारी की है। विभाग की तीनों नर्सरियों में करीब 15 लाख से अधिक पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इनमें फलदार, छायादार, औषधीय और कीमती लकड़ी वाले पौधों की भरपूर संख्या शामिल है।



वन विभाग हर वर्ष पौधरोपण के माध्यम से हरियाली बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चलता है। इसी कड़ी में इस बार शहर की शिप्रा विहार स्थित नर्सरी में ही लगभग 10 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें से करीब 3 लाख पौधे वन विभाग स्वयं रोपित करेगा, जबकि शेष पौधे आमजन और विभिन्न सरकारी विभागों को विक्रय किए जाएंगे।

फलदार और छायादार पौधों की अधिक मांग- नर्सरियों में जामुन, आम, सीताफल, कटहल, बादाम, पपीता, शहतूत, इमली, नींबू और सरजना जैसे फलदार पौधे तैयार किए गए हैं। वहीं गुलमोहर, कचनार, अमलतास, अशोक, आइक्स, कनेर और टेकोमा जैसे सजावटी व छायादार पौधे भी बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं।

औषधीय पौधों पर भी विशेष जोर- औषधीय पौधों की श्रेणी में गिलोय, हरसिंगार, अश्वगंधा, लेमनग्रास, अर्जुन, बेहड़ा, आंवला, एलोवेरा और तुलसी जैसे पौधे तैयार किए गए हैं। साथ ही वानिकी के लिए सागौन, शीशम, नीम और बांस के पौधे भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। बांस और सजावटी पौधों की मांग अभी से बढ़ने लगी है और 50 हजार से अधिक पौधे तैयार रखे गए हैं।

5 से 45 रुपए में मिलेगा पौधा- वन विभाग द्वारा आमजन को बेहद रियायती दर पर पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रति पौधा 5 से 45 रुपए की दर तय की गई है। विभाग द्वारा लगभग दो लाख पौधे राज्य प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराए जाएंगे। खुले बाजार में जहां एक पौधे की कीमत 50 से 100 रुपए तक होती है, वहीं वन विभाग कम दर पर बेहतर गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध करा रहा है।

नागदा नर्सरी में भी तैयारियां- जिले की नागदा स्थित नर्सरी में भी लाखों पौधे तैयार किए गए हैं। यहां विशेष रूप से जामुन, आम, अशोक, शीशम, नीम और बांस जैसे पौधों पर फोकस किया गया है।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पर्यावरण प्रेमी, किसान और बागवानी के शौकीन लोग सीधे नर्सरी से संपर्क कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं। मानसून शुरू होते ही व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे जिले में हरियाली का दायरा और बढ़ेगा।

## जिलाबदर बदमाश पकड़ाया, लगाई रासुका

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उर्दूपुरा के रहने वाले बदमाश मनीष पिता मुरलीधर भाटी 38 साल को अपराधिक गतिविधियों के चलते पिछले वर्ष नम्बर माह में जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये जिलाबदर किया गया था और हिदायत दी गई थी जिले के साथ संभाग की राजस्व सीमा में दिखाई दिया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बावजूद बदमाश होली पर्व के चलते आदेश का उल्लघंन कर जिले की सीमा में आ गया। जीवाजीगंज थाना पुलिस को बदमाश के शहर में होने की खबर मिली तो एएसआई यशवंतसिंह टीम के साथ बदमाश की धरपकड़ के लिये निकले। बदमाश वीरसावरकर चौराहा पर घूमता दिखाई दिया। जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया। एएसआई के अनुसार आदेश का उल्लघंन करने पर बदमाश के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## कार्मल स्कूल के पास मिली लाश की शिनाख्त

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कार्मल स्कूल के पास सोमवार दोपहर एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक के पास पहचान का दस्तावेज नहीं मिला। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज पहचान के प्रयास शुरू किये गये। मंगलवार को परिचितों ने उसकी पहचान कर ली। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची थी। मृतक 35 से 40 साल का प्रतीत हो रहा था। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया और मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू किये गये। पता चला कि मृतक लोकेन्द पिता गोविंददास शर्मा निवासी रामद्वार मिर्चीनाला क्षेत्र का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिचितों ने अस्पताल पहुंचकर उसकी पहचान की। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था संभवत~ अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई। जानकारी यह भी सामने आई है कि आगररोड शराब दुकान के पास से उसका दो पहिया वाहन भी मिला है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण सामने आ पायेगा।

## पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुराने विवाद में सोमवार शाम युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल युवक को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम की सूचना मिलने पर पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि चरक अस्पताल से बेगमपुरा में रहने वाले शादाब पिता मोहम्मद सईद 22 साल निवासी बेगमपुरा को घायल हालत में लाने की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि वह कबाड़े का काम करता है और उसे नलियाबाखल में तनवीर ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू मारा है। कुछ दिनों पहले तनवीर को घर के बाहर बैठने पर मना किया था, जिसके चलते विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर नलियाबाखल में रोक हमला किया गया। एएसआई कनौजिया के अनुसार बयान दर्ज मामला जांच में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

# 'अनादि पर्व' : मटकी नृत्य और कथक ने दर्शकों का मन मोहा




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ तथा संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत 'अनादि पर्व' में मंगलवार सांस्कृतिक संध्या पूर्णतः नृत्य केंद्रित रही। शास्त्रीय और लोक नृत्य की सशक्त प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

त्रिवेणी संग्रहालय मंच पर उज्जैन की ऐश्वर्या शर्मा ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। उनके सधे हुए चरण संचालन, लयबद्ध घुंघरुओं की मधुर ध्वनि तथा सशक्त भावाभिव्यक्ति ने शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात रीवा की मनोभावना सिंह ने बघेली लोक गायन प्रस्तुत कर क्षेत्रीय लोक संस्कृति की मधुर छटा बिखेरी।

विक्रम व्यापार मेला स्थित अभियांत्रिकी महाविद्यालय मंच पर उज्जैन की प्रियंका सेन ने पारंपरिक मटकी नृत्य प्रस्तुत किया। संतुलित गतियों, पारंपरिक वेशभूषा और उत्साहपूर्ण प्रस्तुति ने लोक जीवन की सहजता और उल्लास को सजीव कर दिया। इसके उपरांत उज्जैन की मानसी उपाध्याय ने कथक नृत्य प्रस्तुत कर ताल, लय और अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय दर्शाया।

पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों की उत्साही उपस्थिति और तालियों की गूंज ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। 'अनादि पर्व' के अंतर्गत प्रस्तुत इन नृत्य कार्यक्रमों ने उज्जैन की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा तथा कला साधना को प्रभावी अभिव्यक्ति प्रदान की।

# तालाब में डूबे दो बालक, डेढ़ घंटे बाद निकले शव

**होली खेलने के बाद नहाने पहुंचे थे, ग्राम राघौ पिपलिया में हुई घटना**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम राघौ पिपलिया में मंगलवार को दो बच्चे तालाब में डूब गए। ग्रामीणों की मदद से डेढ़ घंटे बाद उन्हें बाहर निकाला गया लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। शाम को दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम कराया गया।



नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि इंदौर रोड स्थित ग्राम राघौ पिपलिया स्थित तालाब में दो बच्चों के डूबने की सूचना दोपहर 2 के लगभग मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची ग्रामीणों के साथ स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई गई करीब डेढ़ घंटे बाद दोनों बच्चों के शव बाहर निकल गए। दोनों ग्राम के ही रहने वाले रितेश पिता पवन राजोरिया 14 साल और रोहित पिता गोवर्धन 15 साल थे। पूछताछ के दौरान सामने आया कि दोनों के साथ शुभम नाम का बालक भी तालाब में नहाने गया था। बच्चे सुबह से होली खेल रहे थे और परिवार को बिना बताए तालाब तक पहुंचे थे। थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के अनुसार दोनों बच्चे कक्षा आठवीं और नवी के छात्र बताई जा रहे हैं। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

श्रीरसागर कुंड से मिली लाश- कोतवाली थाना क्षेत्र के श्रीरसागर कुंड से भी मंगलवार सुबह एक युवक की लाश बरामद की गई। पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास शुरू किया तो कुछ घंटे बाद पता चला कि मृतक आगर रोड स्थित चंदन नगर का रहने वाला फिरोज पिता अजीज खान है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, उनके आने पर सामने आया कि रात भर से घर नहीं लौटा था। परिजन उसकी मौत की वजह से अनभिज्ञ थे। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम किया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की स्थिति स्पष्ट हो गई कि मृतक के साथ हादसा हुआ है या फिर कोई घटना हुई है।

# क्षीर धारा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग की बैठक संपन्न हुई




**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन द्वारा संचालित क्षीर धारा अभियान का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाना एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। अभियान अंतर्गत वर्ष 2026 में जिले के 196 ग्रामों का चयन कर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. जी. जी. गोस्वामी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत दुग्ध सहकारी समितियों का गठन, पशुपालकों का पंजीयन व प्रशिक्षण, टीकाकरण, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, संतुलित आहार मार्गदर्शन तथा दुग्ध संग्रहण केंद्रों की स्थापना की जा रही है।

बैठक में संयुक्त संचालक डॉ. व्ही. के. बर्वे ने अभियान को सफलता से संचालित करने के निर्देश दिए, वहीं उपसंचालक डॉ. के. सिरवानी ने विभागीय लक्ष्य समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिले के सभी पशु चिकित्सक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। यह अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हे।

# बसंत विहार में सामाजिक सरोकार के साथ मनी होलीः 50 गमी वाले परिवारों के घर जाकर लगाया रंग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बसंत विहार सांस्कृतिक मंच द्वारा श्रीराम मंदिर परिसर में 22वें वर्ष भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होली और धुलेंडी महोत्सव मनाया गया। मंच ने सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए कॉलोनी के उन 50 परिवारों के घर जाकर रंग लगाया, जिनके यहां गमी हुई थी। यह परंपरा विपत्ति के समय समाज के साथ खड़े होने और अकेले न होने का संदेश देती है।



मंच के सहसचिव नरेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में सोमवार रात 10 बजे पंडित शिवशंकर चतुर्वेदी द्वारा होलिका दहन का पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात मंगलवार सुबह 9 बजे से धुलेंडी पर्व मनाया गया, जिसमें रहवासियों ने प्राकृतिक हर्बल गुलाल का उपयोग कर शांतिपूर्ण ढंग से रंगोत्सव मनाया।

रंगपंचमी पर ठंडाई वितरण- आगामी रविवार, 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर शाम को कॉलोनी में 251 लीटर दूध की ठंडाई का वितरण किया जाएगा।

आयोजन में मुकेश कुंभकार, दिलीप सिंह देवड़ा, रमेश कुमावत, जे.एस. पांडेय, लोकेन्द्रसिंह बैस, देवेंद्र राय, जे.पी. शर्मा, जगदीश शर्मा, संग्रामसिंह चौहान, दिनेश जैन, शशिकांत जोशी, एन.के. गर्ग, प्रकाश जेठवानी, उल्लास बक्शी, विजय गोठवाल, विजय प्रजापति, नरेंद्र कुमावत, जगदीश कुमावत आदी।

# पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न, उज्जैन की टीम ने किया प्रभावी प्रतिनिधित्व




**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और विश्वासपूर्ण बनाने के उद्देश्य से भोपाल के होटल पलाश रेसिडेंसी में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, पुलिस विभाग की महिला सुरक्षा शाखा और यूएन-वूमेन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यशाला में उज्जैन जिले की टीम ने प्रभावी सहभागिता की।

कार्यशाला में प्रदेश के 11 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उज्जैन जिले से पिछले चार वर्षों से इस परियोजना पर काम कर रही संस्था सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलेपमेंट कार्ड की परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी और सर्वोपरी सशक्त नारी क्षेत्र स्तरीय महिला मंडल से नैना मंसूरिया ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। पुलिस विभाग की ओर से प्रधान आरक्षक सुरेंद्र तामरे और निरीक्षक आर एस शक्तावत ने भी कार्यशाला में भाग लेकर उज्जैन का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया।

# उज्जैन पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण पर्व एवं छात्र हित में डीजे संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

उज्जैन पुलिस द्वारा आज शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और आगामी त्योहारों को गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शहर के समस्त डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करना रहा।

1. ध्वनि विस्तारक यंत्रों हेतु दिशा-निर्देश- बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी संचालक शासन द्वारा निर्धारित नियमों और मानक डेसिबल सीमा के भीतर ही साउंड सिस्टम का संचालन करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।



2. छात्र हित और परीक्षाओं को प्राथमिकता- वर्तमान में चल रही बच्चों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, उज्जैन पुलिस ने संवेदनशीलता का परिचय दिया है। संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे ध्वनि का स्तर इतना कम रखें कि परीक्षार्थियों की एकाग्रता और पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

3. सांस्कृतिक मर्यादा और शालीनता- त्योहारों के दौरान शहर के सौहार्द को बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ा निर्देश दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर केवल मर्यादित और सभ्य गीत ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार के अश्लील या भड़काऊ गीतों के प्रसारण पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

4. समय सीमा का कड़ाई से पालन- माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन के आदेशों के अनुसार, रात 10 बजे के बाद डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

5. बांड पर हस्ताक्षर- बैठक के दौरान सभी डीजे संचालकों से निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु बांड पर हस्ताक्षर भी कराए गए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

उज्जैन पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि रात्रि में बीमार व्यक्तियों, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# नारायणा धाम में 251 क्विंटल फूलों और 51 क्विंटल गुलाल से खेली गई होली, उमड़ा जनसैलाब

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिदपुर स्थित भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रतीक स्थल ग्राम नारायणा धाम में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी फाग और ध्वज उत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में 251 क्विंटल फूलों और 51 क्विंटल गुलाल से होली खेली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया।



हाथी-घोड़े और बग्घी के साथ निकली भव्य ध्वज यात्रा- उत्सव की शुरुआत सुबह से ही भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के महाअभिषेक, पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। सुबह 9 बजे बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य ध्वज यात्रा और चल समारोह प्रारंभ हुआ। इसमें हाथी, घोड़े, ऊंट और बग्घी शामिल हुए। लाभार्थी मंगलनाथ मंदिर के महंत श्री जितेंद्र भारती और उनकी पत्नी जया भारती भगवान बालगोपाल और शिखर पर फहराई जाने वाली ध्वजा को सिर पर रखकर निकले। ग्राम भ्रमण के पश्चात चल समारोह पुनः मंदिर पहुंचा। दोपहर 2 बजे अभिजित मुहूर्त में पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद महाआरती हुई और विशाल भंडारा शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। संपूर्ण उत्सव की ड्रोन कैमरे से शूटिंग की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मालवी फाग गीतों पर कलाकार मंडली और अन्य भजन मंडलियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

आयोजन में संतों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही उपस्थिति

मथुरा, वृंदावन और गोकुल की तर्ज पर आयोजित इस होली उत्सव में श्री शेषशाई विष्णु मंदिर उन्हेल दिगंबर अखाड़ा के महंत श्री गिरीश प्रपन्न महाराज और निर्मोही अखाड़ा के महंत श्री नृसिंह दास महाराज मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके अलावा विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र मंडोरा, प्रताप सिंह आर्य, श्याम सिंह चौहान, अमर सिंह आंजना खोरिया, बहादुर सिंह बोरमुंडला, समाजसेवी विजय सिंह गौतम, मंडल अध्यक्ष किशोर शर्मा, वीरेंद्र आंजना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सोलंकी, जनपद प्रतिनिधि बहादुर सिंह पंवार, सुधीर मूणत, एडवोकेट भगवान सिंह पंवार, भगवती जोशी और विक्रम सिंह आंजना मोतीपुरा सहित हजारों धर्मालु उपस्थित रहे। प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल, पटवारी सौभाग्य मल कुमावत और थाना प्रभारी नरेंद्र बहादुर सिंह परिहार एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# नगर निगम कर्मचारी गृह निर्माण मंडल जमीन मामले में जांच के आदेश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित की उंडासा रोड की जमीन दूसरी संस्था को बेचने के मामले में सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त ने जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने उपायुक्त सहकारिता को जांच के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता हेमंतकुमार दिल्लीवाल ने बताया कि नगर निगम कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था का 1980 में गठन हुआ है।




इसके बाद रणकेश्वर महादेव एमआर 10 पर 1985 में 54 बीघा और इसके करीब 7-8 साल बाद उंडासा रोड पर सेंटपाल स्कूल के आगे (पाण्डयाखेड़ी बी सेक्टर) में 26 बीघा जमीन खरीदी। संस्था के कर्ताधर्ताओं ने 26 बीघा में 175 प्लॉट काटे। इसी बीच कर्ताधर्ताओं ने ये जमीन संस्था सदस्यों को देने के बाद बजाय कालोनाइजर और उस पर श्रीकृष्ण ड्रीम नाम से कॉलोनी का दी गई।इस पूरे मामले की शिकायत समिति सदस्य हेमंत कुमार दिल्लीवाल ने रजिस्ट्रार, कलेक्टर, ईओडब्ल्यू में भी की। जांच में भी मामला मिलीभगत का निकला और रफादफा हो गया। हेमत कुमार ने बताया कि इस मामले में वे ईओडब्ल्यू के खातमे के साथ कोर्ट में गए और मामला अपर सत्र न्यायालय में विचाराधीन। दूसरी पार्टी के नंदू शर्मा भी इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जा चुके हैं। हेमंत कुमार का कहना है नियमानुसार एक सोसायटी दूसरी को जमीन तब तक नहीं बेच सकती, तब तक आयुक्त पंजीयक भोपाल की एनओसी न हो। इसके बाद भी यहां जमीनों के सौदें हो गए हैं। इस कारण अब विवादपूर्ण स्थिति बन रही है। इसी मामले में न्यायालय के आदेश पर उपायुक्त सहाकारिता ने उपायुक्त सहकारिता को जांच क आदेश दिए हैं।